हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रोहतक
मंगलवार 20 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
नवमी वर्ष : 30, अंक : 257
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 32.9
न्यून. 14.0

haribhoomi.com



मर्डर के प्लान से आए थे तीनों, एक बिहार के बेगूसराय का रहने वाला

सोनीपत के दो शूटरों ने चलाई एक्टर टाइगर श्रॉफ पर गोलियां

15 घंटे के अंदर गिरफ्तार, कोई हथियार बरामद नहीं हुआ

तीनों आरोपी कोटा से पकड़े

एजेंसी ▶▶ मुंबई/सोनीपत

एक्टर टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग करने वाले हमलावरों को पुलिस ने 15 घंटे में ही राजस्थान के कोटा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। इनमें दो हरियाणा के सोनीपत और एक बिहार का रहने वाला है। मुंबई पुलिस के डीसीपी ने बताया कि जिस तरह से गोलियां चलाईं गईं, आरोपी मर्डर के प्लान से ही आए थे। टाइगर पर रविवार देर रात 7 बजे हमला किया गया था। आरोपी जयपुर, दिल्ली के रास्ते नेपाल भागने की तैयारी में थे। मुंबई पुलिस से सूचना मिलने के बाद कोटा पुलिस ने सुबह 10:30 बजे रेलवे स्टेशन से पकड़ा। कोटा की एसपी तेजस्विनी गौतम के मुताबिक, तीनों पुणे-जयपुर एक्सप्रेस से जयपुर जा रहे थे। जनरल कोच में हिरासत में लिया गया। इनके पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है। पुलिस के मुताबिक, लॉरेंस गैंग के अनिल पंडित ने हमला करने का कॉन्ट्रैक्ट दिया था। अनिल ने वीडियो जारी कर इसकी जिम्मेदारी ली। टाइगर को गोली नहीं लगी, लेकिन उनके बाएं हाथ में बारूद और कांच के टुकड़ों से चोट आई है।



एक नाबालिग

जयपुर, दिल्ली के रास्ते नेपाल भागने की तैयारी में थे तीनों

●

लॉरेंस गैंग के अनिल पंडित ने दिया था कॉन्ट्रैक्ट

इस तरह पकड़ में आए आरोपी

डीसीपी राजतिलक रौशन ने बताया कि टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग करने के बाद तीनों आरोपी बाइक से अंधेरी रेलवे स्टेशन पहुंचे, वहां से लोकल ट्रेन पकड़कर बोरीवली गए और फिर कैब से सूरत पहुंचे। उन्होंने आगे का सफर स्टेट ट्रांसपोर्ट बस से करने की योजना बनाई थी, लेकिन रास्ता समझ न आने के कारण वे सूरत रेलवे स्टेशन पहुंच गए और वहां से कोटा जाने वाली ट्रेन में सवार हो गए।

पुलिस का दावा, तीनों में कोई नाबालिग नहीं

राजस्थान पुलिस के मुताबिक, पहले तीसरे आरोपी के नाबालिग होने की बात सामने आई थी। पुलिस ने इससे इनकार किया। पुलिस अब इनसे पूछताछ कर हमले की साजिश और इसमें शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। मुंबई पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, आरोपी करीब 10 दिनों से टाइगर श्रॉफ पर नजर रख रहे थे। उन्होंने उनके घर और जिम की भी रेकी की थी। फायरिंग से पहले आरोपियों ने 45 मिनट तक उस इलाके को जाना था। वे सोशल मीडिया पर पापराजी के वीडियो और ब्लॉगर्स के कंटेंट से भी टाइगर की लोकेशन और दिनचर्या की जानकारी जुटा रहे थे। रविवार को फायरिंग के बाद आरोपी मुंबई में एसवी रोड से विले पार्ले और अंधेरी की ओर भागे।

नाबालिग का पिता बोला काम करने की बोल कर निकला था घर से

मामले में अभिरक्षा में लिए गए किशोर के पिता ने बताया कि उनका बेटा गोहाना में पत्थर और टाइल लगाने का काम सीख रहा था। उसने इसी साल गांव के स्कूल में 12वीं कक्षा में दाखिला लिया था। वह 13 सितंबर को काम सीखने के लिए घर से निकला था। इसके बाद वह कहां गया और किन लोगों के संपर्क में रहा, इसकी जानकारी परिवार को नहीं है। किशोर के पिता ने आशंका जताई कि कहीं कोई उनके बेटे को बहला-फुसलाकर अपने साथ तो नहीं ले गया। उन्होंने बताया कि इससे पहले पंजाब पुलिस भी किसी मामले में पूछताछ के लिए उनके घर आई थी। उनका बेटा चोरी की बाइक खरीदने के मामले में पकड़ा जा चुका है और उस समय उसे बाल सुधार गृह भेजा गया था।

मुंबई में रैपिडो चलाता है बिहार का ऋतिक

- साल का ऋतिक बिहार के बेगूसराय का रहने वाला है। इसके पिता का नाम रामू महतो है। फिलहाल यह मुंबई के अंधेरी वेस्ट में उर्दू स्कूल के पास रहता है और 'रैपिडो' बाइक चलाता था।
- टाइगर श्रॉफ हमला मामले में अब मुंबई पुलिस गुजरात, राजस्थान तक जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक हमलावरों ने हमले की साजिश रची।

पानीपत के रेरकलां का है अनिल पंडित

टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग की जिम्मेदारी लेने वाले पानीपत के गैंगस्टर अनिल पंडित का परिवार मूल रूप से पानीपत जिले के रेरकलां गांव का रहने वाला है। यह परिवार वर्तमान में करनाल में किराए के मकान में रहता है। अनिल के पिता कृष्ण लाल पुजारी हैं और मां प्रवेश गृहिणी हैं। अनिल तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा है। उसकी मंझली बहन शादीशुदा है, जबकि छोटा भाई अभिषेक है। परिवार के मुताबिक, अनिल वर्ष 2022 में नौकरी के सिलसिले में दुबई गया था, जहां से 2024 में 'डंकी रूट' के जरिए वह अमेरिका पहुंच गया। भारत छोड़ने से पहले उसके खिलाफ देश में एक भी मामला दर्ज नहीं था, लेकिन अमेरिका पहुंचने के बाद वह लॉरेंस गैंग से जुड़ गया और गैंगस्टर हैरी बॉक्सर के संपर्क में आ गया। हाल ही में उसने हरियाणवी गायक दिलेर खरकिया की गाड़ी पर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी भी ली थी। हालांकि, पानीपत में भी अनिल के खिलाफ 10 मामले दर्ज बताए जा रहे हैं।



हमारे पास 70 हजार शूटर्स

फायरिंग की जिम्मेदारी लेने वाला अनिल पंडित धमकी देते हुए बड़े-बड़े दावे कर रहा है। वह कहता है कि कि मुंबई में उसके 200 लोग मौजूद हैं और उसके पास 700 नहीं, बल्कि 70 हजार शूटर हैं। सलमान के करीबियों को भी नुकसान पहुंचाने की धमकी दे रहा है।

सोनीपत का रेहान नौवीं तक पढ़ा

सोनीपत की ईदगाह कॉलोनी निवासी रेहान रिशुद्दीन का बेटा है। रेहान देवड़ू गांव में अपनी मां संशीदा और छोटे भाई के साथ रहता था। रिशुद्दीन का अपनी पत्नी के साथ विवाद चल रहा है, जिस वजह से उनकी पत्नी पिछले 10 वर्षों से उनसे अलग रह रही है। रेहान की मौसी अफसाना के अनुसार, उसने नौवीं कक्षा के बाद ही पढ़ाई छोड़ दी थी। वह कहता था कि उसका पढ़ाई में मन नहीं लगता, इसलिए वह वेल्डिंग का काम सीखेगा। इसके बाद वह गुरुग्राम चला गया। परिजनों के मुताबिक, रेहान को इससे पहले गोहाना में अवैध हथियार के मामले में गिरफ्तार किया गया था। जेल से बाहर आने के बाद परिवार ने उसे दोबारा ऐसी आपराधिक गतिविधियों में न पड़ने की सलाह दी थी। इसके बाद ही वह गुरुग्राम चला गया। रेहान की मां एक फैक्टरी में काम करती हैं और उसका एक छोटा भाई भी है।



वेल्डिंग सीखने गुरुग्राम गया, वहां से गायब हुआ

रेहान की मौसी अफसाना के अनुसार, उसने नौवीं कक्षा के बाद ही पढ़ाई छोड़ दी थी। वह कहता था कि उसका पढ़ाई में मन नहीं लगता, इसलिए वह वेल्डिंग का काम सीखेगा। इसके बाद वह गुरुग्राम चला गया। परिवार ने उसके कामकाज की पड़ताल नहीं की, क्योंकि वह यही बताता रहा कि वह वेल्डिंग का काम सीख रहा है। बकरीद पर घर आने के बाद भी वह यही बात कहकर वापस गुरुग्राम लौट गया था।



- रिकू ने **65.11** मीटर का थ्रो फेंक कर सोना जीता
- **65.02** के साथ अजित सिंह दूसरे स्थान पर रहे
- शूटिंग में दो मेडल, मोना को गोल्ड और अवनि ने सिल्वर कब्जाया

पैरा एशियन गेम्स में 11 मेडल

रोहतक के रिंकू का जैवलिन थ्रो में गोल्ड

▶▶ महिलाओं की 1500 मीटर टी12/टी13 रेस में सौम्या और वेंकटेश राधा ने गोल्ड और सिल्वर दिलाया

नागोया। एशियन पैरा गेम्स में भारत ने पहले दिन भारत ने 4 गोल्ड सहित 11 मेडल अपने नाम किए। जैवलिन थ्रो में रोहतक के रिंकू ने गोल्ड जीता, जबकि अजीत सिंह ने सिल्वर दिलाया। ऐसे ही महिलाओं की 1500 मीटर टी12/टी13 रेस में सौम्या और वेंकटेश राधा ने भारत को गोल्ड-सिल्वर दिलाया। शूटिंग में भी भारत को दो मेडल मिले। मोना अग्रवाल ने गोल्ड और अवनी लेखरा ने सिल्वर मेडल जीता। दोनों ने महिलाओं की आर2 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 कैटेगरी में यह उपलब्धि हासिल की। लॉन्ग जंप में भी निशाद कुमार ने गोल्ड हासिल किया। एशियन पैरा गेम्स में भारत के रिंकू ने पुरुषों के जैवलिन थ्रो एफ46 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 65.11 मीटर का सीजन बेस्ट थ्रो किया। भारत के अजीत सिंह 65.02 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने सिल्वर मेडल जीता।

(विस्तृत खेल पेज पर)

सौम्या ने 5 मिनट 12.39 सेकंड में रेस पूरी की

एशियन पैरा गेम्स में भारत की सौम्या ने महिलाओं की 1500 मीटर टी12/ टी13 रेस में गोल्ड मेडल जीता। गाइड भारत कुमार के साथ दौड़ते हुए उन्होंने 5 मिनट 12.39 सेकंड का पर्सनल बेस्ट टाइम निकाला। उन्हें 621 पॉइंट्स मिले। भारत की वेंकटेश राधा ने गाइड गोविंद सोलंकी के साथ 5 मिनट 30.90 सेकंड का समय लेकर सिल्वर मेडल जीता। जापान की माना सासाकी 336 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

निशाद कुमार ने पुरुषों की लॉन्ग जंप में सोना जीता

एशियन पैरा गेम्स में भारत के निशाद कुमार ने पुरुषों के लॉन्ग जंप टी47 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने फाइनल में 7.11 मीटर की छलांग लगाई। निशाद ने यह दूरी दो बार हासिल की। उज्बेकिस्तान के ओमादबेक खासानोव ने 6.99 मीटर की सीजन बेस्ट छलांग के साथ सिल्वर, जबकि श्रीलंका के मोहम्मद सफरान ने 6.55 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता।

खबर संक्षेप

एक्सपायरी बेसन डिलीवर करने पर जेप्टो को नोटिस

नई दिल्ली। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने जेप्टो पर कार्रवाई की है। जेप्टो पर एक्सपायरी डेट निकल चुके बेसन के दो पैकेट ग्राहक को डिलीवर करने का आरोप है। पैकेट पर इस्तेमाल की आखिरी तारीख 12 सितंबर 2026 दर्ज थी। प्राधिकरण ने कंपनी को नोटिस जारी कर ऑर्डर, डिलीवरी, गोदाम और विक्रेता से संबंधित जानकारी मांगी है।



प्रज्ञान ओझा बने चयन समिति के नए अध्यक्ष

नई दिल्ली। बीसीसीआई ने पुरुष क्रिकेट टीम की चयन समिति में बदलाव करते हुए पूर्व स्पिनर प्रज्ञान ओझा को नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह अजीत अगरकर की जगह यह जिम्मेदारी संभालेंगे। ओझा को उनके टेस्ट मैचों के अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर यह पद मिला है। वहीं, पूर्व क्रिकेटर रमेश पोवार को चयन समिति का नया सदस्य बनाया गया है।



गंगोत्री धाम के कपाट 10 नवंबर को बंद होंगे



उत्तरकाशी। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए 10 नवंबर को दोपहर 12:05 बजे बंद कर दिए जाएंगे। गंगोत्री मंदिर समिति ने बताया कि समिति के पदाधिकारियों ने धार्मिक परंपराओं के अनुसार महानवमी के पर्व पर कपाट बंद किए जाने का मुहूर्त निकाला।

एयर एंबुलेंस का दरवाजा खुला भारतीय महिला की जान गई

ढाका (एजेंसी)। बांग्लादेश में एक भारतीय महिला की मौत हो गई है। दरअसल महिला को ले जा रही एयर एम्बुलेंस में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके कारण उड़ान के दौरान ही विमान का दरवाजा आंशिक रूप से खुल गया और उसे बांग्लादेश में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। यह जानकारी स्थानीय मीडिया के अनुसार है। रिपोर्ट के अनुसार विमान ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 1:40 बजे सुरक्षित उतर गया। विमान में कुल सात लोग सवार थे, जिनमें दो पायलट, एक मरीज, एक डॉक्टर, एक पैरामेडिक और दो अन्य साथी शामिल थे। मरीज की पहचान 56 वर्षीय अंजना भौमिक के रूप में हुई है। उन्हें कुर्मीटोला मल्टीकेयर स्पेशलाइज्ड अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बांग्लादेश में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

पीजीटी पर नियुक्ति के लिए पास करना ही होगा एचटेट/एसटेट

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा में स्नातकोत्तर शिक्षक (पीजीटी) के पद पर नियुक्ति और पदोन्नति के लिए हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटेट) या स्कूल शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटेट) उत्तीर्ण करना अनिवार्य रहेगा। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने इस प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज कर दीं। अदालत ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की ओर से तय योग्यताएं न्यूनतम मानक हैं और राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त योग्यता निर्धारित कर सकती है। जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी और जस्टिस मिंदरजीत यादव की खंडपीठ ने कहा कि पीजीटी पद के लिए एचटेट/एसटेट की अनिवार्यता को मनमाना, अवैध या अधिकार क्षेत्र से बाहर नहीं माना जा सकता।



याचिकाकर्ताओं ने दिए ये तर्क

याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि एनसीटीई की 12 नवंबर, 2014 की अधिसूचना में कक्षा 11वीं और 12वीं के शिक्षकों के लिए एचटेट/एसटेट अनिवार्य नहीं है। उनके अनुसार, राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त योग्यता तय करना केंद्रीय प्रावधानों के विपरीत है। हाई कोर्ट ने कहा कि पीजीटी शिक्षक केवल 11वीं और 12वीं कक्षाओं को ही नहीं पढ़ाते, बल्कि सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों को भी पढ़ाते हैं। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत कक्षा एक से आठवीं तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा जरूरी है।

हरियाणा में पहली बार बिजली सप्लाई करेगी प्राइवेट कंपनी

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) ने निजी कंपनी 'इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड' को बिजली सप्लाई के लिए दूसरा पैरेलल डिस्ट्रीब्यूशन लाइसेंस दे दिया है। हालांकि, यह लाइसेंस केवल गुरुग्राम और नूंह जिले के लिए ही है। हरियाणा में ऐसी व्यवस्था पहली बार होगी। इस फैसले के बाद अब गुरुग्राम और नूंह में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का एकाधिकार पूरी तरह खत्म हो जाएगा। यानी जिस तरह एयरटेल, जियो या वोडाफोन-आइडिया में से अपनी पसंद का मोबाइल नेटवर्क चुनते हैं, ठीक उसी तरह कस्टमर यह तय कर सकेंगे कि घर या फैक्ट्री में बिजली दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम देगा या 'प्राइवेट इलेवन पावर लिमिटेड कंपनी।

गुरुग्राम और नूंह से शुरुआत एचईआरसी ने दिया लाइसेंस मोबाइल नेटवर्क की तरह कंपनी बदल सकेंगे

मस्क देंगे यूएस के हर बच्चे को स्पेसएक्स का एक शेयर

वॉशिंगटन (एजेंसी)। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क अगले साल अमेरिका के हर बच्चे को उनकी रॉकेट बनाने वाली कंपनी स्पेसएक्स का एक शेयर गिफ्ट करेंगे। मस्क ने 19 अक्टूबर को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसका ऐलान किया। अभी स्पेसएक्स के एक शेयर की कीमत 146 डॉलर यानी करीब 14 हजार रुपये के बराबर है। अमेरिका में करीब 7.2 करोड़ बच्चे हैं। ऐसे में बांटे जाने वाले शेयर्स का मूल्य 1 लाख करोड़ रुपये होगा। हालांकि करोड़ों बच्चों तक इसे पहुंचाने की प्रोसेस क्या रहेगी? फिलहाल इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई हैं।

देश में 7.2 करोड़ बच्चे, बांटे जाने वाले शेयर्स का मूल्य एक लाख करोड़

इजराइल-ऑस्ट्रिया फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

सोफिया (एजेंसी)। इजराइल से ऑस्ट्रिया जा रही ऑस्ट्रियन एयरलाइंस की फ्लाइट को बम की धमकी के बाद बुल्गारिया में उतारा गया। एयरबस ए320 रविवार रात तेल अवीव से वियना जा रहा था। खतरे की सूचना के बाद बुल्गारिया की वायुसेना ने विमान को एस्कॉर्ट करने के लिए मिश-29 लड़ाकू विमान भेजा। विमान में 51 यात्री और छह क्रू सदस्य सवार थे। सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। किसी के घायल होने की खबर नहीं है। फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, ऑस्ट्रियन एयरलाइंस की फ्लाइट रविवार शाम 6:46 बजे तेल अवीव के बेन गुरियन एयरपोर्ट से रवाना हुई थी।

फाइटर जेट की निगरानी में इमरजेंसी लैंडिंग, 57 लोग सवार थे

मणिपुर में चौबीस घंटे में चार लोगों की हत्या

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर में चौबीस घंटे में हिंसा की दो घटनाओं में 4 लोगों की हत्या कर दी गई। रविवार रात दो थौबल जिले में दो समुदायों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। सोमवार को जंगल से लकड़ी लेने गए तीन लोगों की उग्रवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इंफाल में मुख्यमंत्री आवास के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया। दूसरी घटना इम्फाल ईस्ट और कांगपोकपी जिलों की सीमा पर हुई। अधिकारियों के मुताबिक, गोलीबारी में चार लोग घायल हुए हैं और तीन लोग अब भी लापता हैं।

उग्रवादियों ने 3 लोगों को मारी गोली सीएम आवास के बाहर प्रदर्शन

31 हफ्ते की गर्भवती नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को मिली अबॉर्शन की इजाजत

- कानून में तहत 24 हफ्ते तक छूट
- दिल्ली हाईकोर्ट बोला- वो परवरिश कैसे करेगी
- यह अधिकार मानवाधिकार से भी जुड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने 16 साल की रेप विक्टिम को 31 हफ्ते की प्रेग्नेंसी खत्म करने की अनुमति दी। कोर्ट ने कहा कि नाबालिग से बच्चे को जन्म देने और उसकी परवरिश का बोझ उठाने की उम्मीद करना उचित नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि नाबालिग रेप पीड़ित की प्रेग्नेंसी खत्म करने का अधिकार सिर्फ यौन हिंसा की शिकार महिला के अधिकार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानवाधिकार से भी जुड़ा है। प्रेग्नेंसी जारी रखने के लिए मजबूर करने से पीड़िता के सम्मानजनक जीवन पर असर पड़ सकता है। कानून के तहत सामान्य मामलों में 20 हफ्ते तक और कुछ विशेष परिस्थितियों जैसे रेप पीड़िताओं के मामले में 24 हफ्ते तक प्रेग्नेंसी खत्म करने की अनुमति है।



पीएम-सीएम के डीपफेक वीडियो से साइबर ठगी का खतरा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने साइबर ठगी को लेकर लोगों को सतर्क किया है। गृह मंत्रालय के मुताबिक ठग प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री और मुख्यमंत्रियों के नाम और डीपफेक वीडियो का इस्तेमाल कर लोगों को निशाना बना रहे हैं। एडवाइजरी में पाकिस्तान के +92 कंट्री कोड वाले नंबरों से आने वाली कॉल और वॉट्सएप मैसेज को लेकर विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। हालांकि, केवल कंट्री कोड के आधार पर किसी कॉल को फर्जी नहीं माना जा सकता। किसी भी अनजान व्यक्ति के दावों की जांच जरूर करें। इसको लेकर गृह मंत्रालय के तहत इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर की नेशनल साइबरक्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट ने एडवाइजरी जारी की।

- गृहमंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

धरोहर 'माटी से महोत्सव तक' थीम पर शुरू हुआ 7 दिवसीय महोत्सव

संग्रहालय एवं इंटरप्रिटेशन सेंटर का सिविल कार्य लगभग पूरा

राखीगढ़ी ऐतिहासिक स्थल, वर्षों पुरानी पहचान आत्मीयता और स्वाभिमान का प्रतीक : सीएम

नारनौंद। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राखीगढ़ी की मिट्टी में हमारे पुरखों के श्रम, हुनर और एक विकसित सभ्यता की स्मृतियां सुरक्षित हैं। यह ऐतिहासिक स्थल हमारी हजारों वर्ष पुरानी पहचान, आत्मीयता और स्वाभिमान का प्रतीक है। सरकार राखीगढ़ी के संरक्षण, अनुसंधान, पर्यटन और जनभागीदारी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री सोमवार को हांसी जिला के राखीगढ़ी में सात दिवसीय 'राखीगढ़ी महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इस वर्ष महोत्सव की थीम 'माटी से महोत्सव तक' रखी गई है। इस अवसर पर विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्यक्रम के दौरान राखीगढ़ी की ग्राम पंचायत की तरफ से दिए गए मांग पत्र को पूरा करने का आश्वासन भी दिया, साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत को 51 लाख रुपये दिए जाने की घोषणा भी की।

संग्रहालय का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री ने राखीगढ़ी में बन रहे संग्रहालय का अवलोकन किया। उन्होंने महोत्सव में लगाई गई विभिन्न स्टॉल पर खरीदारी भी की तथा खेल गतिविधियों और साइट पर आयोजित अन्य गतिविधियों का जायजा लिया। सीएम ने कहा कि राखीगढ़ी का यह महोत्सव हमें अपनी जड़ों को जानने और आने वाली पीढ़ियों के प्रति अपना दायित्व समझने का अवसर देगा। 'माटी से महोत्सव तक' की थीम में हमारी सभ्यता की यात्रा समाई हुई है। यही माटी किसान के हाथों में अन्न बनती है, कुम्हार के हाथों में आकार लेती है और कलाकार के हाथों में संस्कृति की अभिव्यक्ति बन जाती है।



नारनौंद। राखी गढ़ी महोत्सव के दौरान प्रदर्शनी का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

सम्मेलन में राखीगढ़ी पर होगा विचार-विमर्श

मुख्यमंत्री ने कहा कि महोत्सव के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश के विद्वान राखीगढ़ी से प्राप्त साक्ष्यों, नवीन खोजों और भविष्य के शोध की संभावनाओं पर विचार करेंगे। इससे नई शोध योजनाओं, संस्थागत सहयोग और ज्ञान के व्यापक प्रसार का आधार तैयार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां संग्रहालय एवं इंटरप्रिटेशन सेंटर के निर्माण का सिविल कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अगले चरण में लगभग 188 करोड़ रुपये की लागत से इसे विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है।

खबर संक्षेप

महिला नेत्रियों के विवाद पर कांग्रेस में चर्चा

चंडीगढ़। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति की महत्वपूर्ण बैठक में फरीदाबाद की महिला नेत्रियों के बीच विवाद के मामले पर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व सांसद एवं समिति सदस्य धर्मपाल मलिक की अध्यक्षता में चंडीगढ़ स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुई बैठक में पराग शर्मा, बल्लभगढ़ की ओर से जवाब मिलने की जानकारी दी गई, जबकि गजना लांबा की ओर से अभी तक जवाब नहीं मिला है। समिति ने निर्णय लिया कि निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बाद दोनों पक्षों से प्राप्त जवाबों की स्थिति के आधार पर मामले पर दोबारा विचार कर उचित निर्णय लिया जाएगा। बैठक में प्रदेश में पार्टी से जुड़े अन्य अनुशासनात्मक मामलों, आपसी मतभेदों व अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने सात दिवसीय राखीगढ़ी महोत्सव का किया शुभारंभ

राखीगढ़ी मानव सभ्यता व इतिहास के अध्ययन का प्रामाणिक केंद्र बनेगा: कैप्टन अभिमन्यु

बच्चे से दुलार



हरिभूमि ▶▶ नारनौंद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को हांसी जिले के राखीगढ़ी में सात दिवसीय राखीगढ़ी महोत्सव का शुभारंभ किया। इस वर्ष महोत्सव की थीम 'माटी से महोत्सव तक' रखी गई है। इस अवसर पर पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि राखीगढ़ी मानव सभ्यता और इतिहास के अध्ययन का प्रामाणिक केंद्र बनेगा। यह केवल एक पुरातात्विक स्थल नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के विकास और प्राचीन जीवनशैली को समझने का महत्वपूर्ण केंद्र है। इसकी ऐतिहासिक विरासत को व्यापक स्तर पर सामने लाने और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए दीर्घकालिक प्रयास किए जा रहे हैं। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि राखीगढ़ी के पुरातात्विक अवशेष पर्यटकों और शोधकर्ताओं को प्राचीन सभ्यता को करीब से समझने का अवसर प्रदान करेंगे। यहां की विरासत का संरक्षण और वैज्ञानिक अध्ययन आने वाली पीढ़ियों को भारत के प्राचीन इतिहास से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि सरस्वती-सिंधु सभ्यता और वैदिक परंपरा से जुड़े पुरातात्विक साक्ष्यों के अध्ययन से भारतीय इतिहास के अनेक महत्वपूर्ण पहलुओं को समझने में सहायता मिल सकती है।

■ विरासत का संरक्षण और वैज्ञानिक अध्ययन आने वाली पीढ़ियों को भारत के प्राचीन इतिहास से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान स्थापित करेगा महोत्सव

राखीगढ़ी का ऐतिहासिक महत्व इसे विशिष्ट पहचान दिलाता है। कैप्टन अभिमन्यु ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में राखीगढ़ी महोत्सव राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान स्थापित करेगा। यह सूरजकुंड और खजुराहो महोत्सव की तरह एक प्रमुख सांस्कृतिक आयोजन के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि राखीगढ़ी की विरासत का संरक्षण, प्रचार-प्रसार और वैज्ञानिक अध्ययन भारत की प्राचीन सभ्यता को समझने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

भाजपा का 22 से 'लोकतंत्र बचाओ भीड़तंत्र हटाओ' अभियान : गुप्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

■ 15 दिवसीय अभियान में गांव से शहर और युवाओं से बुजुर्गों तक समाज के हर वर्ग तक पहुंचेंगे

विपक्षी दलों द्वारा संवैधानिक संस्थाओं की साख पर लगातार सवाल उठाने और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा करने के प्रयासों का जवाब देने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने व्यापक रणनीति तैयार की है। शीर्ष नेतृत्व के दिशा-निर्देश पर हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता की अगुवाई में 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान चलाएगी। इस दौरान चुनाव आयोग, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), मतदाता सूची की शुद्धता और लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका को लेकर विपक्ष के भ्रामक प्रचार का तथ्यों के आधार पर जवाब दिया जाएगा। भाजपा ने 15 दिवसीय अभियान के तहत प्रदेशभर में पत्रकार वार्ताओं, पदयात्राओं, जनसभाओं, बौद्धिक संवाद, युवा सम्मेलनों और छात्र प्रतियोगिताओं के आयोजन की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। अभियान में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, सांसदों, विधायकों और प्रदेश से बूथ स्तर तक के संगठन पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा निर्धारित नेताओं को भी विभिन्न कार्यक्रमों की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। भाजपा गांव से लेकर शहर तक, युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक तथा छात्रों से लेकर पेशेवर वर्गों तक पहुंचकर विपक्ष के आरोपों का तथ्यात्मक जवाब देगी। पार्टी के नेता विपक्ष की पोल खोलने के लिए अभियान चलाएंगे।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एचपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक

कई विभागों के खरीद व विकास कार्यों से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी

11 केवी फीडरों के उन्नयन और आधुनिकीकरण, नए सब-स्टेशनों के निर्माण को बैठक में मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में हाई पावर्ड परचेज कमेटी (एचपीपीसी) और हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के खरीद और विकास कार्यों से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें बिजली वितरण व्यवस्था के आधुनिकीकरण, जलापूर्ति और सीवरेज सुविधाओं, सड़कों के सुधार, वर्षा जल निकासी, शैक्षणिक संस्थानों के निर्माण और भंडारण क्षमता बढ़ाने से संबंधित कार्य शामिल हैं। इन कार्यों से प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने और जन सेवाओं में सुधार लाने में मदद मिलेगी। बैठक में परिवहन मंत्री अनिल विज, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में परिवहन, बिजली, शिक्षा, पर्यावरण, सहकारिता, शहरी विकास, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, लोक निर्माण तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभागों के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। बिजली वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में 11 केवी फीडरों के उन्नयन और आधुनिकीकरण, नए सब-स्टेशनों के निर्माण तथा एससीएडीए और डीएमएस/ओएमएस जैसी आधुनिक तकनीकों को लागू करने से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इन कार्यों से बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार और निगरानी प्रणाली को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, जलापूर्ति एवं सीवरेज सुविधाओं के विस्तार, वर्षा जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने, सड़कों के सुधार सहित अन्य फैसले लिए गए।

गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे किए जाएं। निर्माण कार्यों में तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन करने और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि कार्यों की प्रगति की समय-समय पर समीक्षा की जाए। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी खरीद और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता तथा वित्तीय अनुशासन का पूरा ध्यान रखा जाए। सरकारी धन का उपयोग जनहित को प्राथमिकता देते हुए किया जाना चाहिए।

पंचकूला में आज जलेगा देश का सबसे ऊंचा रावण

221 फीट का पुतला



पंचकूला। शहर के शालीमार ग्राउंड में मंगलवार को देश के सबसे ऊंचे रावण के पुतले का दहन होगा। लोग सेल्फी भी ले सकेंगे। दशहरा महोत्सव में पंचकूला के शालीमार ग्राउंड में 221 फीट ऊंचा रावण का पुतला मुख्य आकर्षण रहेगा। इस पुतले का चेहरा 25 फीट और सिर पर 58 फीट का मुकुट होगा। श्री माता मनसा देवी दशहरा कमेटी और श्री आदर्श रामलीला ड्रामाट्रिक क्लब की ओर से दशहरा महोत्सव का आयोजन कराया जाएगा। कमेटी का दावा है कि पुतले को अंतिम रूप देने का काम अनुभवी कारीगरों ने पूरा कर लिया है।श्री माता मनसा देवी दशहरा कमेटी के प्रधान जॉनी मित्तल, महासचिव संदीप गुप्ता और वरिष्ठ उपप्रधान अमित गोयल ने बताया कि 221 फीट ऊंचे रावण के पुतले का निर्माण बराड़ा के तेजिंदर राणा ने किया है। करीब दो वर्ष बाद शालीमार ग्राउंड में इतने बड़े स्तर पर दशहरा उत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिससे लोगों में खासा उत्साह है। कमेटी के चेयरमैन विष्णु गोयल और संरक्षक सतपाल गर्ग व राज मित्तल ने बताया कि महोत्सव के दौरान शानदार आतिशबाजी भी की जाएगी। आयोजन पर करीब 70 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। वाइस चेयरमैन प्रदीप कांसल और कोषाध्यक्ष दीपक गोयल के अनुसार, कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक लोगों के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए आयोजन स्थल पर सुरक्षा, पार्किंग और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को लेकर विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं।

निजी शिक्षण संस्थानों में कर्मचारियों बहाली और सेवा लाभों से जुड़े मामलों में होगी व्यापक सुनवाई

चंडीगढ़। हाईकोर्ट ने निजी शिक्षण संस्थानों में बिना सरकारी अनुदान वाले पदों पर कार्यरत कर्मचारियों की बहाली और सेवा लाभों से जुड़े मामलों में व्यापक सुनवाई के निर्देश दिए हैं।



■ हाईकोर्ट के छह महीने के भीतर सुनवाई पूरी करने और यथास्थिति बनाए रखने का आदेश

अदालत ने मामले की सुनवाई छह महीने के भीतर करने और संबंधित मामलों में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि इन मामलों में निजी संस्थानों की कानूनी स्थिति, कर्मचारियों के नियुक्ति अनुबंध की शर्तों और संबंधित पदों को सरकारी अनुदान दिए जाने से जुड़े सवालों पर विस्तार से विचार करने की आवश्यकता है। जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी और जस्टिस मिंदरजीत यादव की पीठ ने राजेश ढांडा एवं अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिए। अदालत के समक्ष मुख्य सवाल यह था कि क्या ऐसे निजी शिक्षण संस्थानों को, जिनके संबंधित पदों पर सरकारी अनुदान नहीं मिलता, कर्मचारियों को बहाली और सेवा लाभ देने के मामले में सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों के समान माना जा सकता है।पीठ ने इस बात पर भी विचार की आवश्यकता जताई कि क्या अनुदान रहित पदों पर नियुक्ति के अनुबंध के तहत काम करने वाले कर्मचारी उन शर्तों से आगे बढ़कर ऐसे सेवा लाभों की मांग कर सकते हैं।



जनप्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा की ओर से 2 नवंबर को पंचकूला स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले जनप्रतिनिधि सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी शामिल होंगे। सम्मेलन की तैयारियों में जुटे विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने रविवार देर शाम संत कबीर कुटीर पहुंचकर मुख्यमंत्री को सम्मेलन के उद्घाटन एवं समापन सत्र में शामिल होने का निमंत्रण दिया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के साथ संविधान पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा और अन्य संबंधित विषयों पर चर्चा की।

■ विस स्पीकर कल्याण ने दिया न्योता

कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीजीआईएमएस : पं. भ.द. शर्मा
स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक
ई-मेल: sdpgips@gmail.com, ☎ : 01262-298104
सं./सीओपी/2026/ दिनांक :

प्रवेश सूचना

बैचलर ऑफ फार्मेसी प्रथम सेमेस्टर (2026-27) में रिक्त सीटों हेतु

कॉलेज ऑफ फार्मेसी, पीजीआईएमएस, (एसडीपीजीआईपीएस), पं. भ.द. शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक में बैचलर ऑफ फार्मेसी प्रथम सेमेस्टर (2026-27) में प्रवेश के लिए रिक्त सीटों के तहत संस्थानात्मक स्तरीय काउंसलिंग के लिए वेबसाइट www.uhsr.ac.in देखें।

आवेदन की अंतिम तिथि 21.10.2026 अप. 12.30 बजे तक है। मेरिट सूची विश्वविद्यालय वेबसाइट पर 23.10.2026 को प्रदर्शित की जाएगी। फिजिकल काउंसलिंग 28.10.2026 को पूर्वा. 10.00 बजे ऑडिटोरियम, कॉलेज ऑफ फार्मेसी, पीजीआईएमएस, पं. भ.द. शर्मा यूएचएस, रोहतक में आयोजित की जाएगी।

प्राचार्य संवाद-1241/11/90/2027/50329/सी/88/6 दि. 19.10.26

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

7482

मनकि राजकुमारी पुत्री रायसिहं पुत्र नेकीराम हाल आबाद राजकुमारी पत्नी विनोद कुमार, निवासी गांव छारा, जिला झज्जर, हरियाणा–124504 एवं बिस्वेदार गाँव याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020–21, के अनुसार खेवट न0 697 मिन/582, खाता न0 716 मिन, मु0 न0 79, किला न0 6/1/2/2 (0–9), मु0 न0 117, किला न0 18(8–0), किते 2, तादादी रकबा 8 कनाल 9 मरले (1.05625 एकड़) सालम भाग, वाका रकबा मौजा याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर की मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 8 कनाल 9 मरले (1.05625 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 19.10.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरुग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

सरकार की विफलताओं को जनता के बीच ले जाएगी कांग्रेस

चंडीगढ़। हरियाणा में भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा उपलब्धियां गिनाए जाने के बाद अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फील्ड में उतरेंगे। कुशासन और वादाखिलाफी का आरोप लगा रही मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस बुधवार को विभिन्न जिलों में प्रेस कांफ्रेंस कर विफलताएं उठाएगी। कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह का दावा है कि किसान, मजदूर, युवा, महिलाएं, विद्यार्थी और छोटे व्यापारी सरकार की नीतियों से परेशान हैं और खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। निर्धारित शेड्यूल के अनुसार सिरसा में राव नरेंद्र सिंह, दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और चंडीगढ़ में सांसद एवं राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा प्रेस कांफ्रेंस करेंगे।रोहतक में सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, फरीदाबाद में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह, पानीपत में धर्मपाल सिंह मलिक, भिवानी में अशोक तंवर, करनाल में उदय भान, हिसार में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश व अन्य जिलों में अन्य नेता प्रेस कान्फ्रेंस करेंगे।

■ जिलों में प्रेस कान्फ्रेंस करेंगे पार्टी के वरिष्ठ नेता


निजी मेडिकल-पैरामेडिकल कॉलेजों में मनमानी फीस वसूली पर सख्ती

चंडीगढ़। हरियाणा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय पंचकूला ने राज्य के सभी निजी मेडिकल, डेंटल, नर्सिंग, फिजियोथेरेपी और पैरामेडिकल कॉलेजों तथा संस्थानों के लिए महत्वपूर्ण सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशक धीरेंद्र खड़गटा (आईएएस) द्वारा जारी इस आदेश में सभी संबंधित संस्थानों को सरकार द्वारा संबंधित पाठ्यक्रमों एवं शैक्षणिक सत्रों के लिए निर्धारित व अधिसूचित फीस संरचना (शुल्क ढांचे) का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि कोई भी निजी संस्थान किसी भी छात्र या उनके माता-पिता/अभिभावक से सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित या अधिकृत राशि से अधिक किसी भी नाम या रूप में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से कोई शुल्क, शुल्क-अंश, जमा या अन्य राशि की मांग, संग्रह या वसूली नहीं करेगा। निदेशालय द्वारा सभी संस्थानों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि सरकार द्वारा निर्धारित फीस संरचना को संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए। साथ ही छात्र से ली गई प्रत्येक राशि के लिए उचित रसीद जारी करना जरूरी होगा।

■ चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय के कड़े दिशा निर्देश

हरियाणा सरकार

लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (POCSO ACT) (2019 में संशोधित)




बाल यौन शोषण उपरोक्त अधिनियम के तहत अपराध माना गया है।

- ✓ बच्चों का यौन शोषण करना या करवाना।
- ✓ यौन उत्पीड़न का प्रयास करना या करवाना।
- ✓ अश्लील सामग्री के लिए बच्चों का उपयोग करना या करवाना।



दंड /सजा

- ✓ जब यह अपराध बच्चों के संरक्षक (जैसे उनकी देखभाल करने वाली संस्था का कोई भी व्यक्ति, लोक सेवक, पुलिस बल या शैक्षणिक संस्था के व्यक्ति आदि) द्वारा किया जाता है, तो उसे निर्धारित परिस्थितियों में कम-से-कम 20 वर्ष का कारावास या मृत्युदंड दिया जा सकता है।
- ✓ ऐसी घटनाओं को छिपाना या सूचना न देना भी अपराध माना गया है जिसमें 6 माह से 1 वर्ष तक की कैद का भी कानूनी प्रावधान है।





विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं

- ✓ बच्चों को लैंगिक अपराध से सुरक्षा प्रदान करना।
- ✓ मेडिकल सुविधा एवं परामर्श।
- ✓ बच्चे की पहचान गोपनीय रखना।
- ✓ संस्थागत सेवाएं।

रिपोर्ट कहां करें ?

- ✓ स्थानीय पुलिस।
- ✓ Child Helpline No. 1098, 112
- ✓ स्थानीय बाल कल्याण समिति।
- ✓ जिला बाल संरक्षण इकाई।

महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा
Bays No. 15-20, Sector 4, Panchkula, Haryana-134112. Phone : 0172 256 0349
वेबसाइट - wcdhry.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न.
पेश है हिमाचल प्रदेश के **धनी राम** की **कांगड़ा कला.**

Hero

हीरो संग त्योहार है हर कहीं...

दशहरे की शुभकामनाएँ

Splendor+ XTEC 2.0

सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं®

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10000^ तक SBI card HDFC BANK pine labs

कम डाउन पेमेंट ₹6999^ से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2200~ तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, Subject to their respective T&Cs, Offer available only on limited stores. ®Limited period offer, T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: **Ambala Cantt:** Haryana Motors- 9289923122; **Ambala City:** Dhruv Hero- 9289922868; **Assandh:** Sandhu Hero- 9996571157; **Bahadurgarh:** Satvik Hero- 9289922550 **Bhiwani:** Jaya Hero- 9289922056; **Ellenabad:** Ajit Hero- 9289922505; **Fatehabad:** Shri Balaji Hero- 9289922057; **Gharaunda:** Laxmi Hero- 9289922433; **Gohana:** Krishna Hero- 9289923026; **Hisar:** Chaudhary Hero- 9289922049, Vikrant Hero- 9289923082; **Jhajjar:** Pushkar Hero- 9289923147; **Jagadhari:** Khanna Hero- 9289922050; **Jind:** National Hero - 9289922061; **Kaithal:** Chaudhary Hero- 9289922062; **Karnal:** Nirmal Hero- 9289922048; **Kurukshetra:** VPS Hero- 9289922988; **Ladwa:** Khanna Hero- 9289922063; **MandiDabwali:** Karan Hero- 9289922490; **Nuh:** Sunil Hero- 9289923087; **Narnaul:** Autodeals Hero- 9289922058; **Narwana:** Narwana Hero- 9289923101; **Palwal:** DevVaahan Hero- 9289922877; **Panipat:** Kadian Hero- 9289923182, Sahib Hero- 9289922059; **Pehowa:** Saraswati Hero- 9289922393; **Panchkula:** Regent Hero- 9289923161; **Rewari:** Virendra Hero- 9289922060; **Rohtak:** Shivam Hero- 9289922047; **Sirsa:** Khanna Hero- 9289923195; **Sonipat:** Madaan Hero - 9289922865; **Yamuna Nagar:** Rohit Hero- 9289922394; **Hansi:** Sunil Motors- 9821744694.

Cheil 33547/26

खबर संक्षेप

9वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

भिवानी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ और सचिव दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए सभी अराजकीय अस्थायी विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के एनरोलमेंट एवं पंजीकरण आवेदन ऑनलाइन करने हेतु विभिन्न तिथियां निर्धारित की गई हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी बिना विलंब शुल्क के 19 अक्तूबर 2026 से 5 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके पश्चात 100 रुपये विलंब शुल्क सहित 6 से 10 नवंबर, 200 रुपये विलंब शुल्क सहित 11 से 15 नवंबर तथा 300 रुपये विलंब शुल्क सहित 16 से 20 नवंबर 2026 तक आवेदन किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, 1000 विलंब शुल्क सहित आवेदन करने की अंतिम अवधि 21 से 25 नवंबर 2026 निर्धारित की गई है। बोर्ड अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आवेदन पत्रों में त्रुटियों के सुधार के लिए 27 से 30 नवंबर 2026 तक का समय निर्धारित किया है।

सिरसा के प्रसिद्ध व्यापारी पंकज खेमका के घर लूट

नई नौकरानी ने परिवार को बेहोश कर साथियों संग लूटा 80 तोले सोना व कैश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी व ओएचएम सिने गार्डन के मालिक पंकज खेमका के घर पर नौकरानी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। नौकरानी ने परिजनों को भोजन में नशीला पदार्थ देकर और बंधक बनाकर करीब 80 तोले सोना व दो से तीन लाख रुपये लूट लिए। यही नहीं नौकरानी ने घर के पालतू कुत्ते को भी नशे की दवाई दे दी, ताकि वो भौंके ना। इसके बाद आरोपी घर की कार लेकर फरार हो गए, जिसे पुलिस ने भावदीन टोल के पास से बरामद कर लिया। नौकरानी को करीब 25 दिन पहले ही काम पर रखा था। फिलहाल सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कारोबारी पंकज खेमका की कोठी हुडा सेक्टर 19-20 के एंट्री गेट पर स्थित है। रविवार को पंकज किसी काम से बाहर बैंगलुरु गए हुए थे। घर पर उनकी पत्नी नीतू, 10वीं में पढ़ने वाला बेटा, भतीजा और नई नौकरानी मौजूद थी। पुरानी नौकरानी के बाहर जाने के बाद आरोपी नौकरानी को करीब 25 दिन पहले काम पर रखा गया था। पुलिस के अनुसार, नौकरानी को पता था कि पंकज खेमका हर रविवार घर से बाहर जाते हैं। आरोप है कि उसने इसी जानकारी का फायदा उठाकर साथियों के साथ लूट की योजना बनाई। आरोप है कि नौकरानी ने नीतू और बच्चे को नशीला पदार्थ सुंघाया। कुत्ते को भी नशीली दवा देने की बात सामने आई है। दोनों एक ही कमरे में सो रहे थे। पुलिस को शक है कि घर में रखे आटे में भी नशीला पदार्थ मिलाया गया होगा। बाहर रखे गुंथे आटे के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं।



1. नौकरानी ने मालकिन व उनके बेटे को नशीला पदार्थ देकर बेहोश किया।
2. कुत्ते को भी नशीली दवा से बेसुध किया गया ताकि वह न भौंके।
3. नौकरानी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर घर से जेवर व कैश लूटा।
4. घर से ही गाड़ी चुराकर आरोपी फरार हो गए। गाड़ी बरामद हो गई है।

बेटे को होश आया तो खुला मामला

रात करीब 2 से ढाई बजे बेटे को होश आया। उसने मां को उठाया और नौकरानी से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मिली। इसके बाद पड़ोसी को बुलाकर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस को रात करीब ढाई से 3 बजे के बीच वारदात की जानकारी मिली। पत्नी के मुंह पर पट्टी बांधने की कोशिश किए जाने की बात भी सामने आई है। सोमवार सुबह सिविल लाइन थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ली और आटे के सैंपल जुटाए। थाना प्रभारी राधे श्याम के अनुसार, वारदात में नौकरानी और दो अन्य लोगों के शामिल होने का शक है।

फिल्म निर्माता अमित जानी की गाड़ी हथियार दिखाकर रुकवाने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

फिल्म निर्माता अमित जानी ने रविवार रात सोनीपत में राष्ट्रीय राजमार्ग-352ए पर उनकी गाड़ी का पीछा करने और हथियार दिखाकर रुकवाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। हमले की आशंका जताते हुए उन्होंने डायल-112 पर फोन कर पुलिस से सहायता मांगी। इसके बाद कुंडली थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दी।

उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर-35 निवासी अमित जानी के अनुसार, वह फिल्म निर्देशक भारत सिंह श्रीनेत और अन्य साथियों के साथ जम्मू के कटरा स्थित माता वैष्णो देवी के दर्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान देवड़ू गांव से आगे सफेद रंग की कार में सवार लोगों ने उनकी गाड़ी का पीछा किया। आरोप है कि कार सवारों ने हथियार दिखाकर उनकी गाड़ी रुकवाने का प्रयास किया।


पुलिस से बात करते अमित जानी।

अमित जानी ने दावा किया था कि उन्हें गैंगस्टर रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ से पहले भी धमकियां मिल चुकी हैं। अमित जानी उदयपुर फाइल्स, काला हिरण और कल्कि संभल जैसी फिल्मों के निर्माण से जुड़े रहे हैं।

पूर्व चालक से जुड़ा हुआ है मामला

थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव के अनुसार, जांच में सामने आया कि संबंधित कार संतोष चौधरी चला रहा था, जो दिल्ली का निवासी है और पहले अमित जानी के यहां चालक रह चुका है। संतोष ने बताया कि वह अपने बुजुर्ग पिता के साथ जा रहा था। उसने अमित जानी की गाड़ी पहचान ली थी। उनकी गाड़ी से फेंकी गई सिगरेट उसकी कार पर आ गिरी थी। इसी बात पर उसने गाड़ी रुकवाने की कोशिश की। उसने अपने पास हथियार होने से भी इनकार किया है।

3 महीने पहले इंग्लैंड गए इंद्री के युवक की मौत

इंद्री (हरिभूमि न्यूज)। गांव धमन हेरी निवासी करीब 20 वर्षीय युवक कवलजीत की इंग्लैंड में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने सरकार से कवलजीत के शव को भारत लाने में मदद की गुहार लगाई है। कवलजीत के पिता ने बताया कि करीब तीन महीने पहले उन्होंने 16 लाख रुपये खर्च कर बेटे को इंग्लैंड भेजा था। बेटे को विदेश भेजने के लिए उन्होंने कर्ज लिया था। उन्होंने बताया कि 17 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे उन्हें कवलजीत की मौत की सूचना मिली। कवलजीत ने मौत से एक दिन पहले ही अपनी माता से बातचीत की थी बातचीत के दौरान उसने किसी तरह की परेशानी होने की बात नहीं बताई थी। कवलजीत तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। करीब चार महीने बाद फरवरी में उसकी बहन की शादी होनी है।



16 लाख कर्ज लेकर भेजा था विदेश, अब शव वापस लाने के लिए परिवार ने लगाई गुहार

जमीन नहीं बेचने दी तो ताऊ के लड़के ने सुपारी दे करवाई हत्या

गुरुग्राम। दौलाह गांव में टीचर की पत्नी नीतू की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान संदीप (45) के रूप में हुई है। आरोपी महिला के पति प्रशांत के ताऊ का लड़का है, जो पूर्व सैनिक है। उसने उत्तराखंड के रुड़की के रहने वाले दो बदमाश अविनाश व अनुज को हत्या की सुपारी दी थी। संदीप ही दोनों को प्रशांत के घर तक लेकर आया। सीसीटीवी फुटेज में बाइक पर जैकेट पहने हुए खुद संदीप था। एसीपी क्राइम नवीन शर्मा ने उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। मृतका के पति प्रशांत ने बताया कि उसके पास 6 कनाल जमीन है। संदीप उसे बिकवाना चाहता था। संदीप ने प्रशांत की जमीन का किसी के साथ एग्रीमेंट भी कर दिया था, लेकिन नीतू ने एग्रीमेंट के 20 लाख रुपये वापस करा दिए। इसी बात को लेकर संदीप रंजिश रखने लगा था। कई महीनों पहले नीतू के साथ संदीप व उसके परिवार के सदस्यों ने मारपीट की थी। हत्या के बाद घर में चोरी न होने पर रंजिश के एंगल से पुलिस जांच कर रही थी।

पूर्व पार्षद की मौत मामले में बिजनेस पार्टनर पर केस

दगाबाज दोस्त की दोस्ती में सब लुटा दिया, लिखकर पूर्व पार्षद ने दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र के पूर्व पार्षद श्याम लाल द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने के मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने बेटे कमल की शिकायत पर उनके बिजनेस पार्टनर के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। मृतक ने सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें मौत के लिए बिजनेस पार्टनर को जिम्मेदार ठहराया गया है। लाखों रुपये पार्टनर द्वारा हड़पने के आरोप लगाए गए हैं।

एक कॉल ने रुकवाया था अंतिम संस्कार

पूर्व पार्षद श्यामलाल की रविवार दोपहर को संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। परिजन उन्हें नागरिक अस्पताल भी लेकर पहुंचे लेकिन इत्तफाकिया मौत मानकर शव का बिना पोस्टमार्टम कराए घर ले गए। देर शाम को श्यामलाल के शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट ले गए। चिता को अग्नि दी जानी थी कि एक कॉल ने अंतिम संस्कार रुकवा दिया। घर में मौजूद महिलाओं की नजर श्यामलाल के मोबाइल के नीचे रखे कागज पर पड़ी, जो सुसाइड नोट था। नोट के अनुसार, वह रोहतक रोड निवासी विकास बंसल के साथ शेयर मार्केट तथा प्रॉपर्टी का काम करते थे। विकास के साथ उनकी लगभग बीस साल पुरानी दोस्ती रही। विकास ने उसके साथ धोखा किया है। लाखों रुपये विकास की तरफ है। विकास बंसल ने उसे आत्महत्या के लिए मजबूर किया है।



20 साल पुरानी थी दोस्ती, एक साथ करते थे शेयर और प्रॉपर्टी का काम
आरोप - हिसाब करने की जगह गालियां देकर ऑफिस से निकाला

आरोपी का बदमाशों से संबंध

सुसाइड नोट में लिखा है कि उन्होंने विकास को छह अक्टूबर को हिसाब किताब के लिए बोला था। विकास ने उन्हें कार्यालय से निकाल दिया और भद्दी गालियां दीं। अब मैं लुट पिट कर घर बैठा हूं। अपनी ही नजरों मे गिर चुका हूं। मैंने अपने दगाबाज दोस्त की दोस्ती में अपना सब कुछ लुटा बैठा हूं। विकास को कई बदमाशों को आशीर्वाद प्राप्त है। जिसमें अपने बेटे को आरोपित से बचने के लिए कहा गया है। मेरे बच्चे माफ करना मैं तुम्हारा साथ नहीं निभा सका। सुसाइड नोट में रुपयों के लेनदेन का जिक्र भी किया गया है। सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी राममेहर सिंह ने बताया कि सुसाइड नोट को आधार मानकर मृतक के बेटे की शिकायत पर बिजनेस पार्टनर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

शाहबाद में पुलिस व नशा तस्करों के बीच मुठभेड़, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र/शाहबाद

शाहबाद में जंधेरी मार्ग पर पुलिस और नशा तस्करों के बीच मुठभेड़ होने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, कार में चिट्टा लेकर जा रहे दो युवकों को रोकने का प्रयास किया गया तो कार की कंडक्टर साइड में बैठे युवक ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए हवाई फायर किए। इस दौरान पुलिस ने एक आरोपी को काबू कर लिया, जबकि दूसरा असलहे सहित फरार हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की पहचान गांव जंधेरी निवासी गौरव के रूप में की है। उसके कब्जे से करीब 200 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। शाहबाद थाना प्रभारी सुरेंद्र ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दो युवक कार में नशीला पदार्थ चिट्टा लेकर सप्लाई करने के लिए जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जंधेरी मार्ग पर नाकाबंदी कर संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान एक युवक ने पुलिस पर गोली चला दी। स्थिति को देखते हुए सिटी चौकी प्रभारी मांगेराम ने आत्मरक्षा में दो हवाई फायर किए। पुलिस ने एक आरोपी गौरव को काबू कर लिया, जबकि दूसरा आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका कलानौर	नगर पालिका कलानौर में गांव गुडान के निकट स्थित नगर पालिका कलानौर की भूमि की उपयुक्त सफाई समेत झाड़ियों, कीकर, छोटे पेड़-पौधों इत्यादि की कटाई और हटाना/ड्रुलाई (कृषि भूमि की कंप्यूटरीकृत लेवलिंग सहित) + 2 कार्य।	19.10.2026 28.10.2026	19,66,264/-	https://etenders.hry.nic.in	9802401200 municipalcommitteekalanaur@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50357/I/88/6 दि. 19.10.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड	(दुग्ध संयंत्र, रोहतक के लिए चावल भूसी की आपूर्ति)।	19.10.2026 03.11.2026	2,50,000/-	www.vitamdia.org.in	9896401185 vitamrohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50351/I/88/6 दि. 19.10.26

केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण आवास संगठन

(आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में जीओआई का एक स्वायत्त निकाय)
9वां तल, 'बी' विंग, जनपथ भवन, जनपथ, नई दिल्ली-110001
फोन: 011-23717249/23355408/23322192, डब्ल्यू : www.cgewho.in, ई : cgewho@nic.in

जालंधर, पंजाब में प्रस्तावित आवास योजना के लिए डिमांड सर्वे

केंद्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण आवास संगठन (सीजीईडब्ल्यूएचओ) 1990 से केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए "नहीं लाभ-नहीं हानि" आधार पर समूह आवास परियोजनाओं का विकास कर रहा है। सीजीईडब्ल्यूएचओ देश के विभिन्न शहरों में 34 परियोजनाएं (17,796 डीयूएस) सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुका है।

सीजीईडब्ल्यूएचओ जालंधर, पंजाब में एक प्रस्तावित आवास परियोजना के लिए एक डिमांड सर्वे आयोजित कर रहा है।

मुख्य विवरण :

- **स्थान** : चोटी बारादरी, भाग-2, जालंधर, पंजाब। (पीयूडीए भूमि)
- **स्थान के लाभ** : इनॉक्स रिलायंस मॉल, पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, कैम्ब्रिज स्कूल, जालंधर बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन के बिल्कुल निकट।
- **परियोजना आकार** : लगभग 3 एकड़ भूमि क्षेत्र पर एफएआर के 1300 वर्गफुट और एसबीए के 1500 वर्गफुट वाले 3 बीएचके की अस्थायी रूप से 190 आवासीय इकाईयां।
- **पात्रता:** यह सर्वेक्षण लागू नियमों के अधीन केन्द्रीय सरकार, केंद्रीय पीएसयूएस, राज्य सरकार, केंद्रशासित प्रदेशों, स्वायत्त निकायों, निगम एवं राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों के लिए खुला है।

आवेदन कैसे करें :

- ऑफलाइन डिमांड सर्वे में भाग लेने के लिए सीजीईडब्ल्यूएचओ वेबसाइट www.cgewho.in पर पधारें।
- प्रपत्र जमा करवाने हेतु अंतिम तिथि : 27.11.2026.
- सीजीईडब्ल्यूएचओ के नियमों के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर डिमांड सर्वे के प्रतिभागियों के लिए 50% फ्लैट्स आरक्षित रखे जाएंगे।

पूछताछ हेतु :
वरेन्द्र बेरी, पी.ए. - (एम) : 7065044985
रोशन किशोर, उप निदेशक - (एम) : 9560022232

आवेदन प्रपत्र के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

अस्वीकरण: *यह शहर में संभावित रूचि का मूल्यांकन करने के लिए केवल डिमांड सर्वे है। इसको बेचने के लिए एक प्रस्ताव / प्रतिबद्धता अथवा खरीद के लिए आमंत्रण नहीं माना जाएगा। यह परियोजना अभी तक संबंधित राज्य के रेरा प्राधिकरण के पास पंजीकृत नहीं है।*

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
सीजीईडब्ल्यूएचओ

सीबीसी-20105/11/0010/2627

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

दुआ भी तकदीर बदल देती है तांत्रिक मास्टर किंग का एलान भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
2 घंटे में समाधान

प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

वृष — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

मिथुन — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

कर्क — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

सिंह — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

कन्या — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

तुला — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृश्चिक — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

धनु — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

मकर — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कुंभ — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

मीन — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

फैक्ट्री में मिले 3 करोड़ के अवैध पटाखे, एक गिरफ्तार

हिसार। पुलिस ने अवैध पटाखों के निर्माण और भंडारण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मल्लापुर-असरावां रोड स्थित एक फैक्ट्री में छापेमारी की। पुलिस ने मौके से 633 पेटियों में रखे करीब पांच हजार किलोग्राम पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, बरामद पटाखों की अनुमानित कीमत करीब तीन करोड़ रुपये है। मामले में हिसार निवासी कपिल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सूचना मिली थी कि फैक्ट्री परिसर में अवैध रूप से पटाखे बनाए और जमा किए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि जिस परिसर में पटाखों का निर्माण किया जा रहा था, वहां मूल रूप से प्लास्टिक दाना बनाने की फैक्ट्री थी। आरोप है कि फैक्ट्री मालिक ने परिसर को पटाखे बनाने के लिए 80 हजार रुपये प्रतिमाह किराये पर दिया हुआ था।

THE REWARI CENTRAL CO-OP BANK LTD; REWARI

Head Office: 1652QZ, Circular Road, Opp. Main Post Office, Rewari

परिसर की आवश्यकता

हमारी कुंड शाखा को वैकल्पिक परिसर में स्थानांतरित करने के लिये मुख्य मार्ग पर स्थित व्यावसायिक स्थान के मालिकों से प्रस्ताव आमंत्रित है। शाखा के लिए भूमि तल पर लगभग 1000-1200 वर्ग फुट स्थान होना चाहिए एवं आवश्यक पावर लोड के साथ व्यवसाय के लिए तैयार स्थान को प्राथमिकता दी जाएगी।

आवश्यक दस्तावेज बैंक की वेबसाईट rewaridccb.bank.in पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 27.10.2026 सांय 05:00 बजे तक है। इसके अतिरिक्त किसी भी तरह का पत्र व्यवहार अथवा संशोधन बैंक की वेबसाईट पर उपलब्ध होगा। बैंक बिना कोई कारण बताये आवेदन को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।

स्थानः- रेवाड़ी
दिनांकः-19.10.2026

शब्द पहेली - 6383



बाएँ से दाए-


1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

ऊपर से नीचे

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

शब्द पहेली -6382 का हल

	अ	ल	ख			मु	स्का	न	
ग	ना		रा	त	की	रा	नी		बी	च
ल			ब	ल		ह	म			म
त	न	खा		ना	मि	त		र	ह	न
	र	ज	नी		ञ		क	स	म	
	क		ड	ल		दा	म		व	
	गा	फि	ल		पा		ला	न	त	
स	मी	र		सु	रा	ही		म	न	न
म			म	म		न	र			र
य	क्ष		हा	ति	म	ता	ई		आ	म
	मा	लि	न				स	ई	स	



खबर संक्षेप

पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा ईडी के सामने पेश

लुधियाना। लुधियाना के पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा सोमवार को चंडीगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के ऑफिस में पेश हुए। इस दौरान उनसे करीब 4 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की गई। ऑफिस से बाहर निकलते हुए स्वपन शर्मा ने मीडिया से भी बात नहीं की। वह सीधे अपनी गाड़ी में बैठे और तेजी से निकल गए। उनका नाम सीएम भगवंत मान के कथित विवादित वीडियो से जुड़े मामले में गुरुग्राम में फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) रिपोर्ट तैयार करवाने में कथित गड़बड़ी में आया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने विवादित वीडियो की फर्जी रिपोर्ट तैयार कराने के एवज में 10 लाख रुपए का लेनदेन किया।

झोटा हत्याकांड: पुलिस से भिड़े अकाली नेता-किसान



चंडीगढ़। मानसा में नशा विरोधी एक्टिविस्ट परविंदर झोटा की हत्या के विरोध में इंसाफ कमेटी, किसान और शिरोमणि अकाली दल के नेता आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों को उनके घरों पर लानत पत्र देने पहुंचे। इस दौरान पुलिस के साथ धक्कामुक्की हुई। लुधियाना में आप विधायक अशोक पराशर पप्पी के घर की तरफ जा रहे अकाली नेताओं को पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रोक लिया। इस पर अकाली नेताओं ने बैरिकेड हटाने की कोशिश की। बाद में 6 नेताओं को जाने की अनुमति दी गई। वहीं, बठिंडा के तलवंडी साबो में विधायक बलजिंदर कौर के घर के बाहर पुलिस और किसान व अकाली नेता आमने सामने हो गए।

ब्रोकरेज कंपनियों का जियो आईपीओ को जोरदार समर्थन

डिजिटल ग्रोथ की बड़ी ताकत के रूप में उभरी जियो कंपनी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बाजार में नेतृत्व, मजबूत कमाई, बढ़ता नकदी प्रवाह व स्वदेशी तकनीक भारत के सबसे बड़े प्राथमिक निर्गम से पहले विश्लेषकों के भरोसे को मजबूत करते हैं



जियो प्लेटफॉर्म्स का आगामी इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग निवेश के एक आकर्षक अवसर के रूप में उभर रहा है। ब्रोकरेज कंपनियों ने कंपनी की विकास संभावनाओं, मजबूत परिचालन प्रदर्शन और तकनीकी महत्वाकांक्षाओं के विस्तार पर भरोसा जताया है। उनके आकलन के अनुसार, कंपनी पारंपरिक दूरसंचार कारोबार से काफी आगे निकल चुकी है और भारत की तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था के केंद्र में अपनी जगह बना रही है। सोमवार को एंकर निवेशकों के लिए बोली लगाने की अवधि के दौरान आईपीओ को दुनिया के प्रमुख और बड़े संस्थागत निवेशकों से उपलब्ध शेयरों की तुलना में 30 गुना बोलियां मिलीं। केवल रू.8,110 करोड़ के उपलब्ध शेयरों के लिए बोलियां अभूतपूर्व रू.2.5 लाख करोड़ से अधिक रहीं। यह संस्थागत निवेशकों की भारी अधूरी मांग को दर्शाता है, जिसका एक हिस्सा जियो की लिस्टिंग के बाद द्वितीयक बाजार में भी दिखाई दे सकता है।

एंकर निवेशकों के लिए उपलब्ध हिस्से की भारी मांग

कमाई में बदलती कंपनी का विशाल पैमाना

जियो की बाजार में मजबूत स्थिति इस आशावाद का आधार है। 30 जून 2026 तक कंपनी के 533.3 मिलियन ग्राहक थे और वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के वायरलेस डेटा ट्रैफिक का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा जियो के नेटवर्क से गुजरा। वित्त वर्ष 2025-26 में परिचालन से आय सालाना आधार पर 14.6 प्रतिशत बढ़कर रू.1,46,885 करोड़ हो गई, जबकि कर-पश्चात लाभ लगभग रू. 30,049 करोड़ रहा। नेटवर्क निवेश के बेहतर उपयोग और परिचालन लाभ के कारण एबिटडा मार्जिन बढ़कर लगभग 51.9 प्रतिशत हो गया। ब्रोकरेज के आकलन इस प्रदर्शन की निरंतरता को रेखांकित करते हैं।

मजबूत लिस्टिंग की उम्मीद



आईपीओ खुलने से पहले ही इसे ग्रे मार्केट प्रीमियम मिल रहा है। इंडिया इन्फोलाइन ने 19 अक्टूबर को प्रति शेयर रू.252 का जीएमपी बताया, जो रू.1,119 के ऊपरी प्राइस बैंड से लगभग 22.52 प्रतिशत अधिक है। इसके आधार पर ग्रे मार्केट में अनुमानित कीमत करीब रू.1,371 प्रति शेयर और 12 शेयरों के एक लॉट पर संभावित लाभरू.3,024 बनता है। द इकोनॉमिक टाइम्स ने अलग से रू.251 प्रति शेयर यानी 22.4 प्रतिशत जीएमपी की जानकारी दी, जिससे कीमत लगभग रू.1,370 बैठती है। इस छोटे अंतर की वजह अनौपचारिक बाजार भाव का अलग-अलग समय पर दर्ज होना है। जीएमपी बाजार की धारणा का अनौपचारिक संकेतक है; इसमें तेजी से बदलाव हो सकता है और यह वास्तविक लिस्टिंग मूल्य या लाभ की गारंटी नहीं देता।

काम से ज्यादा मौज कर रहे राहुल : भाजपा

विदेश जाने की खबरों पर तंज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा नेता प्रदीप भंडारी की ओर से सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कथित विदेश यात्रा पर तंज कसा गया है। उनकी ओर से पूछा गया कि क्या राहुल गांधी अपने 'अराजकता फैलाने वाले साथियों' से मिलने जा रहे हैं। उन्होंने साथ ही नवरात्र के त्योहारों के दौरान राहुल के भारत में मौजूद न होने पर भी सवाल उठाया। प्रदीप भंडारी ने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि राहुल गांधी छुट्टियों के लिए विदेश गए हैं। उन्होंने इस बात को लेकर राहुल गांधी की आलोचना की कि वे अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। प्रदीप भंडारी ने लिखा, राहुल गांधी फिर से वही कर रहे हैं, जिसमें वे सबसे माहिर हैं; ब्रेक लेना और छुट्टियों का आनंद लेना! खबर है कि राहुल गांधी छुट्टियों के लिए विदेश गए हैं। राहुल गांधी भारत में नहीं हैं! नवरात्र के दौरान, राहुल गांधी विदेश में क्या कर रहे हैं? ब्रेक का मजा ले रहे हैं, या अपने 'अराजकता फैलाने वाले साथियों' से मिल रहे हैं? एक ऐसा व्यक्ति जो काम करने से ज्यादा समय आराम करने में बिताता है और फिर चिल्लाता है, 'वोट चोरी हो गया!'



'अवैध और असंवैधानिक' एसआईआर प्रक्रिया तत्काल रोकी जाए: कांग्रेस

नई दिल्ली (भाषा)। कांग्रेस ने सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया को अवैध व असंवैधानिक करार देते हुए इसे तत्काल रोकने की मांग की और कहा कि मतदाता सूचियों से गलत तरीके से हटाए गए सभी मतदाताओं के नाम शामिल किए जाने चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक खबर का हवाला देते हुए दावा किया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान हटाए गए मतदाताओं में बड़ी संख्या 'एएसडीडी' (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट) श्रेणी की है और भाजपा तथा उसके ''अनौपचारिक प्रवक्ता'' इसे मतदाता सूचियों की 'सफाई' बताकर इस प्रक्रिया का बचाव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में नागरिक अधिकार संगठनों द्वारा किए गए एक सार्वजनिक ऑडिट में 'एएसडीडी' के नाम पर मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटाए जाने के मामले सामने आए हैं। कांग्रेस नेता के मुताबिक, महज दो मतदान केंद्रों पर कम से कम 100 ऐसे मतदाता मिले, जिनके नाम 'एएसडीडी' श्रेणी में गलत तरीके से हटा दिए गए और इनमें से ज्यादातर को 'स्थानांतरित' या 'अनुपस्थित' बताया गया था। रमेश ने दावा किया कि देश भर में केवल 'स्थानांतरित' और 'अनुपस्थित' श्रेणियों में नौ करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं।



भारत की बांग्लादेश और फ्रांस से तुलना गलत : थरूर

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के सत्ता परिवर्तन कराने के आरोपों का जवाब दिया। थरूर ने कहा कि मेरा मानना है कि भारत बांग्लादेश नहीं है और भारत फ्रांस भी नहीं है। मुझे ये तुलना खास तौर पर प्रासंगिक नहीं लगती। हम फ्रांस में हुई बसों और पुलिस स्टेशनों को आग लगाने जैसी किसी भी हिंसा को कभी सही नहीं ठहराएंगे। हम केवल शांतिपूर्ण प्रदर्शन में विश्वास करते हैं। मैंने भी इसी तरह के प्रदर्शनों में हिस्सा लिया है और मेरा मानना है कि विपक्ष भी सामान्य तौर पर इसी का समर्थन करता है। जहां तक बड़े मुद्दों की बात है, 'रिजीम चेंज' जैसे शब्दों को तोड़-मरोड़कर पेश करने का कोई मतलब नहीं है। इसका किसी सरकार को गिराने या सत्ता परिवर्तन की कोशिश से कोई संबंध नहीं है। दरअसल एक दिन पहले रिजिजू ने विपक्ष पर आरोप लगाया था कि फ्रांस और बांग्लादेश में हुई हिंसक घटनाओं जैसी साजिश भारत में भी रची गई थी। उन्होंने एक्स पर लिखा था कि भारत में सत्ता परिवर्तन बिल्कुल हो सकता है, लेकिन केवल चुनावों के जरिए, सोरोस के जरिए नहीं। थरूर ने कहा कि लोकतंत्र किसी की ओर से दिया गया उपहार नहीं है।



कांग्रेस सासंद का रिजिजू के सत्ता परिवर्तन कराने के आरोपों का जवाब

आशुतोष-सौरव की न्यायिक हिरासत दो दिन बढ़ाई गई



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के नेताओं आशुतोष रांका और सौरव दास की न्यायिक हिरासत दो दिन बढ़ा दी गई है। सोमवार को दोनो के मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन में विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट (एसईएम) के सामने पेश किया गया था। पुलिस ने दोनों की न्यायिक हिरासत बढ़ाने की मांग की, जिसे मजिस्ट्रेट ने मंजूर कर लिया। अब उन्हें बुधवार को फिर से पेश किया जाएगा। दोनों 14 अक्टूबर से तिहाड़ जेल में बंद हैं। आरोप है कि उन्होंने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबंधों का उल्लंघन किया था। वहीं, सीजेपी ने आरोप लगाया कि दोनों नेताओं की रिहाई में जानबूझकर देरी की जा रही है। सीजेपी की लीगल हेड रत्ना सिंह के मुताबिक, रविवार को जमानत पर सुनवाई के लिए मजिस्ट्रेट और सरकारी वकील दोपहर 12 बजे से इंतजार के बाद शाम करीब 5:30 बजे पहुंचे।

जेल भेजने वाले जज को मिली धमकी

दिल्ली पुलिस ने रविवार को सीजेपी के नेताओं सौरव दास और आशुतोष की जमानत कार्यवाही के दौरान मजिस्ट्रेट को कथित तौर पर धमकी दिए जाने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ नॉन-कॉग्निजेबल रिपोर्ट दर्ज की है। अधिकारियों के मुताबिक, मामले में धमकी देने वाले लोगों की पहचान अभी सामने नहीं आई है। यह मामला ऐसे समय सामने आया है, जब सीजेपी ने आरोप लगाया था कि दोनों नेताओं की रिहाई में 'देरी' की जा रही है।

परविंदर के परिवार से आज मिलेंगे शाह

मानसा/नई दिल्ली। ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा की हत्या के छह दिन बाद भी सोमवार को भी शव का अंतिम संस्कार नहीं हो पाया है। 13 अक्टूबर को हुई हत्या के बाद से ही परिवार और समर्थक शहर के तिकोनी चौक पर धरना दे रहे हैं और सीबीआइ जांच की मांग पर अड़े हैं। आज यानी 20 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह पीड़ित परिवार से मिलने मानसा पहुंचेंगे। एक्स पर शाह ने लिखा कि आप सरकार ने पंजाब को नशे के गर्त में धकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा सत्ता में आई तो चिट्टा कारोबारियों को चुन-चुनकर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा और पंजाब को नशामुक्त बनाया जाएगा। उन्होंने लिखा कि नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों को अपनी जान गंवाना पड़ा है।



शव 7 दिन से संस्कार के लिए रुका हुआ

13 अक्टूबर को हुई थी झोटा की हत्या

मानसा में मेडिकल स्टोर संचालक अश्विनी कुमार ने 13 अक्टूबर को नशे का विरोध करने पर झोटा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। परिवार मांगों को लेकर अड़ा हुआ है और अभी तक परविंदर सिंह झोटा के शव का पोस्टमार्टम भी नहीं हुआ।



अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट केस एक दोषी की फांसी पर लगी रोक

अहमदाबाद। सुप्रीम कोर्ट ने 2008 के अहमदाबाद सीरियल बम धमाकों के मामले में दोषी मोहम्मद तनवीर की फांसी की सजा पर रोक लगा दी है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की पीठ ने तनवीर की याचिका पर सुनवाई की। तनवीर ने गुजरात हाईकोर्ट के 7 जुलाई के फैसले को चुनौती दी थी। गुजरात हाईकोर्ट ने 7 जुलाई, 2026 को सुनाए फैसले में आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन के 38 दोषियों की मौत की सजा बरकरार रखी थी। 26 जुलाई 2008 को अहमदाबाद में करीब 70 मिनट के भीतर 21 बम धमाके हुए थे। इन हमलों में 56 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 200 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस मामले में गुजरात हाईकोर्ट ने 7 जुलाई, 2026 को स्पेशल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था। विशेष अदालत ने फरवरी 2022 में 38 को फांसी और 11 को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।


18 साल पहले 70 मिनट में हुए थे 21 धमाके, 56 की हुई थी मौत



चिंतन

अपराधियों का बढ़ता दुस्साहस चिंताजनक

मुंबई में अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग की घटना संगठित अपराध के बढ़ते दुस्साहस का चिंताजनक उदाहरण है। पुलिस के अनुसार, हमलावरों का इरादा जान लेने का था। वारदात के कुछ ही घंटों के भीतर तीन संदिग्धों की गिरफ्तारी पुलिस की तत्परता दर्शाती है, लेकिन इस घटना ने कानून-व्यवस्था के सामने गंभीर सवाल भी खड़े किए हैं। आखिर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो रहे हैं कि वे सरेआम गोलियां चलाने से भी नहीं हिचकते? इससे भी गंभीर बात यह है कि ऐसी वारदातों के बाद जिम्मेदारी लेने और धमकियां देने के जरिए अपराधी भय का वातावरण बनाने की कोशिश करते हैं। यह प्रवृत्ति किसी एक व्यक्ति की सुरक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि कानून के इकबाल को चुनौती देने वाली है। पुलिस के मुताबिक, हमलावर कई दिनों से अभिनेता की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे और उन्होंने घर तथा जिम की रेकी भी की थी। जांच में यदि इन तथ्यों की पुष्टि होती है, तो यह स्पष्ट होगा कि वारदात अचानक नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से अंजाम देने की कोशिश की गई। सोशल मीडिया पर उपलब्ध सामग्री से किसी की दिनचर्या और गतिविधियों की जानकारी जुटाना सुरक्षा के लिए नया खतरा बन रहा है। अपराधी तकनीक का इस्तेमाल अपने नेटवर्क को मजबूत करने और वारदातों को अंजाम देने में कर रहे हैं। ऐसे में पुलिस को पारंपरिक निगरानी के साथ डिजिटल माध्यमों पर भी सतर्कता बढ़ानी होगी। इस मामले में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े अनिल पंडित की कथित भूमिका की भी जांच की जा रही है। यदि विदेश में बैठकर स्थानीय अपराधियों के माध्यम से वारदातें करवाने के आरोप प्रमाणित होते हैं, तो यह संगठित अपराध के बदलते स्वरूप का गंभीर संकेत होगा। ऐसे गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई केवल शूटरों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। उनके वित्तीय स्रोतों, हथियारों की आपूर्ति, स्थानीय मददगारों और पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना जरूरी है। राजस्थान के कोटा रेलवे स्टेशन से संदिग्धों की गिरफ्तारी में विभिन्न राज्यों की पुलिस के बीच समन्वय की अहम भूमिका रही। यह सकारात्मक पहलू है, लेकिन पुलिस की सफलता का वास्तविक पैमाना केवल गिरफ्तारी नहीं, बल्कि साजिश की तह तक पहुंचना और अदालत में आरोपों को ठोस साक्ष्यों के साथ साबित करना है। ऐसी घटनाओं में त्वरित और निष्पक्ष जांच के साथ प्रभावी अभियोजन भी सुनिश्चित होना चाहिए। इस मामले में एक आरोपी के नाबालिग होने की बात भी सामने आई थी, हालांकि पुलिस ने गिरफ्तार तीनों संदिग्धों के नाबालिग होने से इनकार किया है। इस तथ्य की पुष्टि जांच से ही होगी। फिर भी युवाओं को अपराध की दुनिया में धकेलने वाले गिरोहों पर गंभीरता से विचार करना जरूरी है। मशहूर अभिनेता हो या सामान्य नागरिक, किसी की सुरक्षा अपराधियों की मर्जी पर नहीं छोड़ी जा सकती। पुलिस को इस मामले में साजिश की अंतिम कड़ी तक पहुंचना होगा और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। अपराधियों का दुस्साहस केवल बयानों से नहीं टूटेगा। इसके लिए जरूरी है कि अपराधी चाहे कहीं छिपे हों, उनका नेटवर्क कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो, कानून की पकड़ से बच न सकें। यही कानून के शासन की कसौटी है और यही आम नागरिक के मन में सुरक्षा का भरोसा कायम करने का रास्ता भी।



मुद्दा
ओमकार चौधरी

फ्रांस एक बार फिर व्यापक अशांति की गिरफ्त में है। स्कूलों में बदहाली और शिक्षकों की कमी के विरोध से शुरू हुआ आंदोलन अब महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक सेवाओं की गिरती स्थिति और सरकार के खिलाफ बढ़ते असंतोष का प्रतीक बन गया है। हजारों गिरफ्तारियां, पुलिस से हिंसक झड़पें, आगजनी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान हालात की गंभीरता बयां कर रहे हैं। हालांकि, अधिकांश प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, लेकिन उग्र समूहों की हिंसा ने संकट को और गहरा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विवादित दावों ने भी बहस को नया मोड़ दिया है। सवाल यह है कि क्या फ्रांस इस उबाल पर काबू पा सकेगा या सामाजिक असंतोष गहरे राजनीतिक संकट में बदल जाएगा?

फ्रांस की हिंसा के पीछे कौन?

फ्रांस एक बार फिर व्यापक अशांति की गिरफ्त में है। पेरिस से लेकर मार्सेई, लियोन, लिमोज, टूलूज़ और दूसरे शहरों तक प्रदर्शन, आगजनी, लूट, पुलिस से झड़प और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की घटनाएं सामने आई हैं। 17 अक्टूबर को देशभर में लगभग 5.5 लाख से 8 लाख लोग सड़कों पर उतरे। अधिकांश प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन कई शहरों में नकाबपोश उग्र समूहों ने हिंसा की, दुकानों को लूटा, कारों को आग लगाई और सरकारी इमारतों को निशाना बनाया। करीब 400 लोगों की गिरफ्तारी की रिपोर्ट है। यह आंदोलन अचानक पैदा नहीं हुआ। इसकी मौजूदा लहर 21 सितंबर के आसपास पेरिस के उपनगरों के स्कूलों से शुरू हुई, जहां छात्रों ने शिक्षकों की कमी, जर्जर इमारतों, भीड़भाड़ वाली कक्षाओं, संसाधनों की कमी और शिक्षा व्यवस्था की बदहाली को लेकर विरोध शुरू किया। केवल दस दिनों में यह आंदोलन पेरिस क्षेत्र से निकलकर पूरे फ्रांस में फैल गया। एक अक्टूबर तक एक हजार से अधिक स्कूल विरोध से प्रभावित हो चुके थे। समस्या तब गंभीर हुई जब सरकार ने इसे केवल शैक्षणिक असंतोष न मानकर कानून-व्यवस्था की चुनौती के रूप में लेना शुरू किया। दंगा-रोधी पुलिस और जेंडार्म तैनात किए गए, बड़ी संख्या में गिरफ्तारियां हुईं और पुलिस कार्रवाई के दौरान कई किशोर गंभीर रूप से घायल हुए। 28 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच 6,059 गिरफ्तारियां दर्ज की गईं और 5,060 लोगों को पुलिस हिरासत में लिया गया; इनमें 87 प्रतिशत नाबालिग थे। एक 15 वर्षीय छात्र का हाथ स्टन ग्रेनेड से कट गया, एक 16 वर्षीय छात्र की एक आंख की रोशनी चली गई और एक 14 वर्षीय किशोर का जबड़ा गंभीर रूप से घायल हुआ। यहीं से आंदोलन का चरित्र बदलने लगा। छात्रों की मूल मांगों के साथ पुलिस कार्रवाई का विरोध जुड़ा और फिर महंगाई, ईंधन की बढ़ती कीमत, वेतन, पेंशन और सार्वजनिक सेवाओं की गिरती स्थिति जैसे मुद्दे भी इसमें शामिल होते गए। ट्रेड यूनियनें, विश्वविद्यालय छात्र और पुराने येलो वेस्ट नेटवर्क के समर्थक भी सड़क पर उतर आए। 17 अक्टूबर का बड़ा राष्ट्रीय प्रदर्शन इसी व्यापक असंतोष का परिणाम था। इस सवाल का सीधा उत्तर यह है कि पूरे आंदोलन को हिंसक कहना गलत होगा। लाखों लोगों के मुख्य जुलूस अधिकांश जगह शांतिपूर्ण रहे। हिंसा मुख्यतः उन छोटे लेकिन संगठित समूहों ने की जिन्हें फ्रांसीसी प्रशासन अल्ट्रा लेफ्ट और ब्लैक बॉक्स या उग्र वामपंथी समूहों के रूप में पहचान रहा है। इनके साथ अवसरवादी लुटेरे भी कई जगह जुड़ गए। पेरिस में सैकड़ों काले कपड़ों में नकाबपोश लोग पुलिस से भिड़े। दुकानों के शीशे तोड़े गए, लूट हुई और कारों में आग लगाई गई। लियोन में पर्यटन कार्यालय जला दिया गया। मार्सेई और लिली में नगर भवनों को नुकसान पहुंचाया गया। लिमोजेस में भी सरकारी संपत्ति को भारी क्षति पहुंची। इसलिए फ्रांस की मौजूदा स्थिति को तीन हिस्सों में समझना चाहिए एक, वास्तविक और व्यापक सामाजिक-आर्थिक असंतोष; दो, राजनीतिक और ट्रेड यूनियन लामबंदी; और तीन, उस आंदोलन में घुसकर हिंसा करने वाले उग्र समूह। अभी तक मौजूदा राष्ट्रीय आंदोलन में बड़ी संख्या में मौतों की पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन घायल बहुत हैं और कई चोटें गंभीर हैं। 17 अक्टूबर के प्रदर्शन में भी घायल लोगों को स्ट्रेचर पर ले जाते हुए देखा गया। फ्रांस में इससे पहले 2023 के दंगों और 2018-19 के यलो वैस्ट आंदोलन में संपत्ति की क्षति अरबों यूरो तक पहुंची थी। मौजूदा आंदोलन अभी उस स्तर पर नहीं पहुंचा है, लेकिन यदि हिंसा लंबी चली तो आर्थिक नुकसान तेजी से बढ़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 6 अक्टूबर को फ्रांस की अशांति को "आउट ऑफ़ कंट्रोल मास" यानी अनियंत्रित बड़े पैमाने के प्रवासन से जोड़ा। उन्होंने यहां तक कहा कि यह स्कूलों का प्रश्न नहीं बल्कि "इस्लाम वांटिंग टू टेक ओवर" यानी इस्लाम द्वारा फ्रांस पर कब्जे की कोशिश है। आंदोलन की प्रमाणित शुरुआत शिक्षकों की कमी, स्कूलों की खराब हालत और शिक्षा संसाधनों से हुई थी। फ्रांस की लोकतांत्रिक संस्थाएं मजबूत हैं और अभी ऐसा कोई संगठित राष्ट्रीय नेतृत्व सामने नहीं आया है जो सीधे सत्ता परिवर्तन का कार्यक्रम चला रहा हो। इसलिए इसे "तख्तापलट आंदोलन" कहना तथ्य से आगे होगा। लेकिन यह जरूर कहा जा सकता है कि सामाजिक आंदोलन अब स्पष्ट राजनीतिक सत्ता-विरोधी रूप लेने लगा है। यही वह चरण होता है जहां कोई आंदोलन अपने मूल मुद्दे से आगे निकलता है। पहला असर कानून-व्यवस्था पर है। हजारों गिरफ्तारियां, लगातार पुलिस तैनाती और कई शहरों में हिंसा प्रशासन पर भारी दबाव डाल रही है। दूसरा असर शिक्षा पर है। सैकड़ों स्कूल बंद या बाधित हुए हैं, पढ़ाई प्रभावित हुई है और छात्रों तथा शिक्षकों के बीच सरकार के खिलाफ असंतोष बढ़ा है। तीसरा असर कारोबार और पर्यटन पर है। पेरिस के प्रमुख इलाकों में मेट्रो स्टेशन बंद करने पड़े, दुकानें समय से पहले बंद हुईं और पर्यटन क्षेत्रों में आगजनी तथा लूट की घटनाएं हुईं। चौथा असर राजनीति पर है। 2027 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले फ्रांस में वाम और दक्षिण—दोनों छोर मजबूत हो रहे हैं, जबकि मैक्रों की मध्यमार्गी राजनीति पर दबाव बढ़ रहा है। पांचवां और सबसे गंभीर असर सामाजिक भरोसे पर है। युवा पीढ़ी और सरकार के बीच दूरी तेजी से बढ़ी है। ले मोंडे ने इसे मैक्रों और फ्रांसीसी युवाओं के बीच लगभग पूर्ण राजनीतिक दरार के रूप में वर्णित किया है। फ्रांस की घटनाएँ केवल एक यूरोपीय देश का घरेलू संकट नहीं हैं। यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। एक ओर जीवन-यापन की बढ़ती लागत है, दूसरी ओर युवाओं में भविष्य को लेकर असुरक्षा। श्रीलंका में आर्थिक संकट ने राष्ट्रपति को हटाया। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों के कोटा आंदोलन ने शेख हसीना की सरकार गिरा दी। नेपाल में सोशल मीडिया प्रतिबंध और भ्रष्टाचार-विरोधी आंदोलन प्रधानमंत्री के इस्तीफे तक पहुंच गया।फ्रांस अभी उस अवस्था में नहीं है। लेकिन उसकी सड़कों पर दिखाई दे रहा उबाल इस बात की चेतावनी जरूर है कि सामाजिक असंतोष को लगातार टाला जाए, पुलिस और प्रदर्शनकारियों का टकराव बढ़े और हिंसक समूह आंदोलन पर हावी होने लगें, तो स्थिति बहुत तेजी से नियंत्रण से बाहर जा सकती है। आज फ्रांस के सामने असली चुनौती केवल दंगाइयों को पकड़ने की नहीं है। असली चुनौती उन मूल कारणों को संबोधित करने की है जिनके कारण लाखों लोग सड़क पर निकले हैं। यदि शिक्षा, महंगाई, सार्वजनिक सेवाओं और युवा असंतोष के सवाल पीछे छूट गए और पूरी बहस केवल पुलिस बनाम प्रदर्शनकारी तक सीमित हो गई, तो संकट लंबा खिंच सकता है।फिलहाल फ्रांस में सत्ता परिवर्तन का कोई प्रमाणित अभियान नहीं है। लेकिन इतिहास बताता है कि किसी बड़े आंदोलन की दिशा उसके पहले दिन तय नहीं होती।



(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विजयदशमी विशेष
रवीन्द्र श्रीवास्तव



मुझे अपने भीतर एक राम की तलाश है

भीड़ चली है आज, गली गली मेंरावण मारने;
मैं ढूँढ़ रहा हूँ एक राम, मेरे अंदर का रावण मारने.. !

आज फिर विजयदशमी है। सड़कों पर उत्सव है।
मैदानों में रावण के विशाल पुतले खड़े हैं।
भीड़ उमड़ रही है। हर हाथ बुराई के अंत का उत्सव मनाने को उत्सुक है।
लेकिन, एक प्रश्न मन में उठता है
जिस रावण को हम हर वर्ष जलाते हैं, वह हर वर्ष फिर जीवित कैसे हो जाता है?
क्या इसलिए कि हम रावण को केवल बाहर खोजते हैं?
अपने भीतर कभी झांकते ही नहीं?

रावण केवल दस सिरों वाला एक पौराणिक पात्र नहीं।
वह एक प्रवृत्ति भी है। अहंकार में रावण है।
क्रोध में रावण है। लोभ में रावण है।
ईर्ष्या में रावण है। छल, कपट, द्वेष और प्रतिशोध में रावण है।
दूसरों को अपमानित करने की प्रवृत्ति में रावण है।
अपनी गलती स्वीकार न करने की ज़िद में रावण है।
और सबसे बढ़कर स्वयं को सदैव सही और दूसरों को सदैव गलत समझने के अहंकार में रावण है।

हम दूसरों के दोष आसानी से देख लेते हैं। उनके व्यवहार का मूल्यांकन करते हैं।
उनकी गलतियों पर निर्णय सुनाते हैं। उनके चरित्र पर प्रश्न उठाते हैं।
लेकिन जब प्रश्न अपने आचरण का आता है, तो हमारे तर्क बदल जाते हैं।
अपना क्रोध हमें उचित लगता है। अपना अहंकार स्वाभिमान लगता है।
अपनी जिद सिद्धांत लगती है। अपना प्रतिशोध न्याय लगता है।
और दूसरों का वही आचरण हमें असहनीय लगता है।
यही तो हमारे भीतर का रावण है!

लेकिन प्रश्न केवल रावण को पहचानने का नहीं।
प्रश्न है अपने भीतर के राम को खोजने का।
वह राम जो मर्यादा सिखाए। जो शक्ति केसाथ विनम्रता सिखाए।
जो अधिकार के साथ कर्तव्य सिखाए। जो क्रोध के स्थान पर संयम दे।
जो प्रतिशोध के स्थान पर क्षमा दे। जो अहंकार के स्थान पर करुणा दे।
राम केवल पूजने के लिए नहीं। राम अपने आचरण में उतारने के लिए भी हैं।
और शायद यही सबसे कठिन साधना है।
क्योंकि बाहर के रावण को जलानेके लिए एक अग्निबाण पर्याप्त है।
भीतर के रावण को पराजित करनेके लिए जीवन भर का आत्मसंघर्ष चाहिए।

हमारे भीतर राम भी हैं। रावण भी हैं।
दोनों के बीच संघर्ष भी निरंतर है। कभी अहंकार जीत जाता है।
कभी विवेक। कभी क्रोध जीत जाता है। कभी करुणा।
कभी प्रतिशोध जीत जाता है। कभी क्षमा।

विजयदशमी शायद इसी संघर्ष में सही पक्ष चुनने का अवसर है।
यह केवल एक पौराणिक विजय का स्मरण नहीं।
यह अपने भीतर झांकने का निमंत्रण भी है। क्या हम किसी से क्षमा मांग सकते हैं?
क्या हम किसी को क्षमा कर सकते हैं? क्या अपनी गलती स्वीकार कर सकते हैं?
क्या हम किसी के दुःख को उसके दृष्टिकोण से समझ सकते हैं?
क्या हम अपने अहंकार से ऊपर उठकर किसी टूटते हुए रिश्ते को बचा सकते हैं?
यदि हां तो समझिए, हमारे भीतर का एक रावण आज मर गया।
और एक राम जीवित हो उठा।

विजयदशमी का वास्तविक उत्सव शायद उसी दिन होगा, जिस दिन हम दूसरों के भीतर रावण खोजना छोड़कर अपने भीतर राम जगाना शुरू कर देंगे।
क्योंकि रावण का पुतला जलाना एक उत्सव है।
अपने भीतर के रावण को मिटाना एक साधना है।
और स्वयं पर विजय ही शायद मनुष्य की सबसे बड़ी विजय है।
विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं।

(लेखक सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अभिभाषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन प्रक्रिया की छानबीन

संकलित
दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है। उसे निजता से सार्वभौमिकता या समग्रता की ओर चलना होगा।

अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा



संकलित
प्रेरणा

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

अंतर्मन



आज की पाती

खाद्य सुरक्षा से पोषण सुरक्षा तक

खाद्य सुरक्षा किसी भी राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि, सामाजिक न्याय और मानवीय विकास का आधार है। जिस देश के नागरिकों को पर्याप्त, सुरक्षित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं होता, वहां विकास के बड़े-बड़े दावे भी अधूरे रह जाते हैं। भारत ने स्वतंत्रता के बाद खाद्यान्न उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति की है। हरित क्रांति से लेकर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के विस्तार तक, देश ने खाद्य संकट से उबरकर खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भरता की दिशा में लंबी यात्रा तय की है। आज भारत दुनिया के प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक देशों में शामिल है। इसके बावजूद कुपोषण, एनीमिया, खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतें, जलवायु परिवर्तन और खाद्यान्न वितरण में असमानता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इसलिए अब आवश्यकता केवल अनाज के भंडार भरने की नहीं, बल्कि पौष्टिक और सुरक्षित भोजन की है। -मयंक कौशिक, सोनीपत

ट्रेंड

विजयादशमी की बधाई



विजयादशमी के पर्व का विशेष महत्व है। यह भगवान श्रीराम की रावण पर विजय का प्रतीक है। श्रीराम को धर्मपरायणता और नैतिक आचरण के प्रतीक के रूप में पूजा जाता है। यह पर्व अधर्म और अन्याय पर धर्म और न्याय की जीत का उत्सव है। -द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

महानवमी की शुभकामनाएं



सभी देशवासियों को महानवमी की ढेरों शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर मां सिद्धिदात्री के चरणों में मेरा कोटि-कोटि प्रणाम! वे अपने सभी भक्तों को संकल्प की सिद्धि का आशीर्वाद दें, यही कामना है। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

स्विफ्ट के सीईओ से मुलाकात



आज नई दिल्ली में स्विफ्ट के सीईओ जेवियर पेरेज-तासो से मुलाकात करके खुशी हुई। वैश्विक व्यापार को सुचारू और कुशल बनाने के महत्व पर चर्चा की।' "इस संदर्भ में भू-राजनीतिक चुनौतियों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। बेल्जियम मुख्यालय वाली स्विफ्ट एक वैश्विक संगठन है -एस जयशंकर, विदेश मंत्री

कृषि संकट प्रमुख मुद्दा



'मेरे संबोधन में किसानों की परेशानी और महाराष्ट्र का कृषि संकट प्रमुख मुद्दा होगा, न कि राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप। फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान, बढ़ते आर्थिक घाटे और पानी की कमी के बीच किसानों को आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठाना चाहिए।' -मनोज जरांगे, मराठा आरक्षण कार्यकर्ता

करंट अफेयर


भारत में बचाए ओरंगुटान के बच्चे इंडोनेशिया को वापस



भारतीय दूतावास ने कहा है कि वर्ष 2024 में भारत में बचाए गए सुमात्रा मूल के ओरंगुटान के एक बच्चे को दोनों देशों के वन्यजीव अधिकारियों और सीआईटीईएस प्रबंधन प्राधिकरणों के समन्वित प्रयासों से सोमवार को इंडोनेशिया वापस भेज दिया गया। इस ओरंगुटान को गुजरात से उसके मूल देश के लिए भेजा गया और वह मेदान के कुआलानामु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। मेदान में इंडोनेशिया के वन मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भारत के महावाणिज्य दूतावास के अधिकारी भी शामिल हुए। बचाए जाने के बाद से, भारतीय वन्यजीव अधिकारियों ने इस वन्य जीव को पशु चिकित्सा देखभाल और रहने के लिए उचित सुविधाएं उपलब्ध कराई थीं। जकार्ता में भारतीय मिशन द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, भारत और इंडोनेशिया के 'कन्वेंशन ऑन इंटरनेशनल ट्रेड इन एंडेंजर्ड स्पीशीज ऑफ वाइल्ड फौना एंड फ्लोरा' (सीआईटीईएस) से जुड़े प्रबंधन प्राधिकरणों ने सभी जरूरी नियमों और प्रोटोकॉल का पालन करते हुए इसे वापस भेजने की प्रक्रिया पूरी की। बयान में कहा गया है कि एक विशेष कदम उठाते हुए, भारत सरकार ने ओरंगुटान की देखभाल पर हुए खर्च को नहीं लेने का निर्णय लिया है।

ऑफ बीट

जब हंसी रुकती नहीं, तो दिमाग में क्या होता है?



कभी-कभी हंसी ऐसी छूटती है कि लाख कोशिशों के बावजूद रुकने का नाम नहीं लेती। हैरानी की बात यह है कि इसके पीछे सिर्फ कोई मजेदार बात नहीं, बल्कि मस्तिष्क की जटिल प्रक्रियाएं भी होती हैं। एक नए शोध के मुताबिक, बेकाबू होकर हंसने और बातचीत के दौरान सामान्य रूप से हंसने के पीछे मस्तिष्क के अलग-अलग तंत्र काम करते हैं। अकेले होने के बजाय किसी दूसरे व्यक्ति के साथ होने पर आपके हंसने की संभावना 30 गुना अधिक होती है। यदि आप अपने साथी को जानते हैं और उसे पसंद करते हैं, तो आपके हंसने की संभावना और बढ़ जाती है। अक्सर हंसी बातचीत के दौरान आती है। कई बार हम दूसरों को हंसते देखकर या उनकी हंसी सुनकर खुद भी हंसने लगते हैं। बातचीत के दौरान सामान्य हंसी औसतन हर दस मिनट में लगभग छह बार आती है। यह छोटी होती है और जल्दी शुरू होकर जल्दी खत्म हो जाती है। इसके विपरीत, बेकाबू हंसी लंबे समय तक चलती है। इसकी आवाज ऊंची हो सकती है और इसमें अजीब तरह की चीख जैसी आवाजें भी शामिल हो सकती हैं। शोधकर्ताओं ने यह जानने की कोशिश की कि क्या हंसी के इन दोनों प्रकारों की उत्पत्ति मस्तिष्क की अलग-अलग प्रणालियों में होती है।


हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

बिना हाथों के तीरंदाजी का जादुई कमाल, शीतल देवी ने की विश्व रिकॉर्ड की बराबरी

एजेंसी ▶▶| नागोया

भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने एशियाई पैरा खेलों में महिला कंपाउंड क्वालीफाइंग राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और फिर तोमन कुमार के साथ मिलकर मिश्रित टीम स्पर्धा में एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।

भुजाहीन शीतल कंपाउंड धनुष को सही स्थिति में लाने के लिए अपने पैरों और डोरी को खींचने और छोड़ने के लिए अपने कंधे और जबड़े का इस्तेमाल करती है। उन्होंने महिला कंपाउंड रैंकिंग राउंड में 720 में से 704 अंक हासिल करके विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और नया एशियाई रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद उन्होंने तोमन के साथ मिलकर कंपाउंड मिश्रित टीम रैंकिंग राउंड में 1402 अंक बनाकर 1400 के पिछले रिकॉर्ड को पार किया। तोमन ने पुरुषों के कंपाउंड क्वालीफाइंग में 698 अंक हासिल किए। पिछला मिश्रित टीम विश्व रिकॉर्ड भी शीतल ने ही बनाया था, हालांकि उस समय उनकी टीम में राकेश कुमार थे।



एशियाई पैरा खेल

निषाद ने लंबी कूद में जीता गोल्ड

निषाद कुमार ने एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता की लंबी कूद टी47 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले एशियाई पैरा खेलों में भी ऊंची कूद की टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने मौजूदा खेलों की पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता के पहले दिन लंबी कूद में अपने तीसरे और पांचवें दोनों प्रयासों में 7.11 मीटर की छलांग लगाई। दिलचस्प बात यह है कि वह पहली बार लंबी कूद में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।



निशानेबाज मोना ने जीता स्वर्ण

मोना अग्रवाल ने फाइनल में शानदार वापसी करते हुए अपनी हमवतन अवनि लेखरा को पछाड़कर महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया, जिससे भारत ने शीर्ष दो स्थान हासिल कर एशियाई पैरा खेलों की पदक तालिका में खाता खोला। पेरिस पैरालंपिक 2024 की कांस्य पदक विजेता मोना ने छठे स्थान से वापसी करते हुए 250.0 अंक के साथ एशियाई पैरा खेलों का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने दो बार की पैरालंपिक चैंपियन अवनि को महज 0.4 अंक से पछाड़ा। गत चैंपियन के तौर पर उतरीं 24 वर्षीय अवनि को 249.6 अंकों के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

भाला फेंक में रिंकू को स्वर्ण

रिंकू ने सोमवार को यहां एशियाई पैरा खेलों की पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि उनके हमवतन अजीत सिंह ने रजत पदक हासिल किया। रिंकू ने 65.11 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने अजीत को महज नौ सेंटीमीटर के अंतर से पीछे छोड़ा। अजीत ने 65.02 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता।



दृष्टिबाधित जूडो में 2 पदक

भारत के दृष्टिबाधित जूडो खिलाड़ियों ने सोमवार को एशियाई पैरा खेलों में दो पदक जीते, जिसमें कोकिला ने महिलाओं के जे2-52 किग्रा वर्ग में रजत पदक जबकि कपिल परमार ने पुरुषों के जे1-70 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। कोकिला को फाइनल में किर्गिस्तान की ऐबिके उलानबेक काइजी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। कपिल को सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के जुनेदी के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई।

हरियाणा के लिए अजीत चहल और अमन कुमार ने 3-3 विकेट झटके

हरियाणा का रणजी में कमाल : दो दिन में चंडीगढ़ को रौंदा, निशांत-यशवर्धन चमके

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

रोहतक के चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए रणजी ट्रॉफी मुकाबले में मेजबान हरियाणा ने चंडीगढ़ पर पारी और 24 रन से धमाकेदार जीत दर्ज की। गेंदबाजों और बल्लेबाजों के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर हरियाणा ने यह मैच महज दो दिनों में अपने नाम कर लिया। इस दौरान पिच का ऐसा मिजाज दिखा कि दो दिन में ही कुल 30 विकेट गिर गए।

चंडीगढ़ की पहली पारी और हरियाणा की बढ़त

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चंडीगढ़ की पूरी टीम हरियाणा के घातक आक्रमण के आगे मात्र 103 रनों पर ढेर हो गई। हरियाणा के लिए अजीत चहल और अमन कुमार ने 3-3 विकेट झटके। इसके जवाब में हरियाणा ने अपनी पहली पारी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 245 रन बनाए और 142 रनों की मजबूत बढ़त हासिल की। सलामी बल्लेबाज यशवर्धन दलाल ने बेहतरीन 95 रन और ऑलराउंडर निशांत सिंधु ने धैर्यपूर्ण 92 रनों की अर्धशतकीय पारियां खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।



फॉलोऑन और निशांत की फिरकी का जादू

पहली पारी में भारी भरकम अंतर से पिछड़ने के बाद फॉलोऑन खेलने उतरी चंडीगढ़ की दूसरी पारी भी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और पूरी टीम महज 118 रनों पर सिमट गई। चंडीगढ़ की ओर से मनन वोहरा ने सर्वाधिक 47 रन बनाए। रोहतक के स्टार स्पिनर निशांत सिंधु ने अपनी फिरकी का शानदार जादू दिखाते हुए 6 विकेट झटके, जबकि कनिष्क चौहान ने 3 शिकार किए। चौधरी बंसीलाल स्टेडियम की पिच ने गेंदबाजों को जमकर मदद की। पिच के इसी रंग और गेंदबाजों के खूंखार प्रदर्शन के चलते यह रोमांचक मुकाबला सिर्फ दो दिनों में ही समाप्त हो गया और कुल 30 विकेट गिर गए।

सुतार ने खेली 400 रन की नाबाद पारी



सोविमा। मिजोरम के चिन्मय सुतार ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 400 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बनकर इतिहास रच दिया। सुतार ने यह दुर्लभ उपलब्धि नागालैंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच के दूसरे दिन हासिल की। इस मुकाम पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज भाऊसाहेब बाबासाहेब निंबालकर थे, जिन्होंने 1948 में महाराष्ट्र की तरफ से खेलते हुए काठियावाड़ के खिलाफ नाबाद 443 रन बनाए थे। मिजोरम की टीम से जुड़ने से पहले मुंबई की तरफ से विजय हजारे ट्रॉफी खेल चुके सुतार 400 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 517 गेंद का सामना करके 46 चौके और 7 छक्के लगाए। मिजोरम ने अपनी पहली पारी नौ विकेट 581 रन पर समाप्त घोषित की। जब सुतार 231 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे, तभी आखिरी बल्लेबाज लालरेमपुइया छकछुआक उनके साथ बल्लेबाजी करने के लिए क्रीज पर आए। उस समय मिजोरम का स्कोर 392 था। सुतार ने उनके साथ दसवें विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी की। इसमें सुतार का योगदान 169 रन का रहा। लालरेमपुइया 14 रन बनाकर नाबाद रहे।

महिला क्रिकेट

जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरा और अंतिम टी20 मैच आज



एजेंसी ▶▶| रायपुर

शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लय में लौटने के बाद उत्साह से लबरेज भारतीय महिला क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ मंगलवार को होने वाले तीसरे अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने और 3-0 से क्लीन स्वीप करने का लक्ष्य लेकर मैदान पर उतरेगी।


मंधाना का फॉर्म में लौटना भारत के लिए बड़ा सकारात्मक पहलू है क्योंकि वह फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लय बनाए रखना चाहेंगी। मंधाना और शेफाली की सलामी जोड़ी एक बार फिर मजबूत शुरुआत देकर जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बनाने की कोशिश करेगी।

भारत ने तीसरे नंबर पर जेमिमा रोड्रिग्स के चोटिल हो जाने के कारण अनुष्का शर्मा को मौका दिया लेकिन यह 23 वर्षीय खिलाड़ी पहले मैच में केवल चार रन बना पाई थी जबकि दूसरे मैच में उन्हें खेलने का खास मौका नहीं मिला। अब वह मौका मिलने पर अपनी छाप छोड़ने की पूरी कोशिश करेगी।

पहली जीत की तलाश में जिम्बाब्वे

जिम्बाब्वे ने सितंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऐतिहासिक पहली वनडे जीत के बाद इस श्रंखला में प्रवेश किया, लेकिन उसकी टीम अब भी टी20 में 2026 में अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। उसे इस साल अपने सभी 20 मैच में हार का सामना करना पड़ा है। जिम्बाब्वे को उम्मीद होगी कि सलामी बल्लेबाज केलिस नधलोवु उसे मजबूत शुरुआत देंगी। गेंदबाजी में उसका दारोमदार ऑफ स्पिनर न्याशा त्वांजुरा पर रहेगा, जिन्होंने पहले मैच में तीन विकेट लेकर भारतीय शीर्ष क्रम को झकझोर दिया था।

खबर संक्षेप



एलिना स्वितोलिना ने तोड़ा विवाह बंधन


पेरिस। एलिना स्वितोलिना ने साथी टेनिस खिलाड़ी गेल मोनफिल्स के साथ विवाह बंधन खत्म करने की घोषणा की। यूक्रेन की विश्व में छठे नंबर की खिलाड़ी स्वितोलिना ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, 'यह अब तक का सबसे मुश्किल फैसला है, जिसे मुझे साझा करना पड़ रहा है।' स्वितोलिना ने अपने देश में जंग के कारण उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले भावनात्मक प्रभाव के बारे में बात की। उन्होंने यह भी बताया कि जब उन्होंने ठीक होने के लिए टेनिस से ब्रेक लिया तो मोनफिल्स ने उनकी कैसे मदद की। उन्होंने कहा, लेकिन कुछ जंग आप अपने अंदर खुद ब खुद लड़ते हैं और किसी और के प्यार से उन्हें जीता नहीं जा सकता। समय के साथ मुझे समझ आया कि मुझे खुद अपने लिए रास्ता तैयार करना होगा और ऐसा मैं वैवाहिक जीवन के साथ नहीं कर सकती।' मोनफिल्स और स्वितोलिना की एक बेटी है।

28 को डब्ल्यूपीएल की नीलामी

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज कमलिनी, स्नेह राणा, सोफी मोलिन्यू और श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू उन 146 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें 28 अक्टूबर को कोच्चि में होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी सूची में रखा गया है। लीग के 2027 सत्र से पहले उपलब्ध 27 स्थानों के लिए इन खिलाड़ियों पर बोली लगेगी।

अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप तीन खिलाड़ियों ने जीते कांस्य पदक

लास वेगास। रोहित, जसकरण सिंह और चंद्रमोहन ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपने-अपने भार वर्गों में कांस्य पदक जीते, जिससे भारत ने प्रतियोगिता का समापन छह पदकों के साथ किया।



रोहित ने 57 किग्रा रेपेशाज दौर में मोल्दोवा के इयोन बुलगारू को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 12-2 से हराया। इसके बाद उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में आर्मेनिया के आर्मन हारुत्युनयान को 8-3 से शिकस्त दी। रोहित ने इससे पहले जमैका के इरी अलेक्जेंडर जैक्सन को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी। हालांकि, उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में तुर्किये के बेकीर केसेर के खिलाफ 6-10 से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल में हारने वाले जसकरण (65 किग्रा) ने बेलारूस के मागोमेदखान मागोमेदखानोव को 8-5 से हराकर भारत की पदक संख्या में इजाफा किया।

हांगकांग सिक्सेस : गुलबदीन नायब की कप्तानी में अफगानिस्तान टीम घोषित



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अफगानिस्तान ने हांगकांग सिक्सेस 2026 के लिए गुलबदीन नायब की कप्तानी में सात सदस्यों की एक अनुभवी टीम का ऐलान किया है। यह टीम 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक टिन क्वॉन्ग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड में होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। गुलबदीन नायब की वाली टीम में फरमानुल्लाह सफी, इमरान मीर, अब्दुल रहमान, करीम जन्नत, नांगेयालिया खारोटे और सेदिकुल्लाह पाचा को जगह मिली है। अफगानिस्तान को ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका और ओमान के साथ रखा गया है।

सिक्स-ए-साइड फॉर्मेट में खेले जाने वाले मैचों में, टीमों को बॉल और फील्ड में डिसिप्लिन बनाए रखते हुए स्कोरिंग के मौके बनाने होंगे। हांगकांग सिक्सेस में हर टीम में छह खिलाड़ी और हर इनिंग में छह ओवर होते हैं। छोटा फॉर्मेट लंबे समय तक मजबूती के लिए बहुत कम जगह छोड़ता है, जिससे हर तरह का योगदान खास तौर पर कीमती हो जाता है। अफगानिस्तान के कैप्तेन में नायब का इंटरनेशनल लेवल पर अनुभव बहुत काम आएगा।

टीम का मकसद टूर्नामेंट की जरूरतों के हिसाब से तेजी से ढलना और एक मनोरंजक क्रिकेट देना होगा। अफगानिस्तान के हिस्सा लेने का स्वागत करते हुए, क्रिकेट हांगकांग, चीन के कमर्शियल और मार्केटिंग डायरेक्टर अनुराग भटनागर ने कहा कि टीम का तरीका टूर्नामेंट की अपील को और बढ़ाएगा।

आज से फ्रेंच ओपन, सिंधू की वापसी पर नजर

एजेंसी ▶▶| पेरिस

अनुभवी पीवी सिंधू की अगुवाई में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हाल के अपने खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़कर मंगलवार से शुरू होने वाले 950,000 अमेरिकी डॉलर इनामी फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। सिंधू महिला एकल के पहले दौर में दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त आन से यंग का सामना करेंगी, जबकि पुरुष एकल में छठी वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन पहले मुकाबले में जापान के कोदाई नाराओका से भिड़ेंगे।



श्रीकांत-आयुष शेट्टी में मुकाबला

पुरुष एकल में किदाम्बी श्रीकांत का पहला मुकाबला हमवतन आयुष शेट्टी से होगा। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी एशियाई खेलों के पहले दौर में बाहर हो गए थे। फ्रेंच ओपन में उनका सामना फ्रांस के दो भाइयों क्रिस्टो पोपोव और टोमा जूनियर पोपोव से होगा।

त्रीसा-गायत्री की भिड़ंत चुन और युन से

महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी पहले दौर में ताइवान की लिन चिह-चुन और यांग चू युन से भिड़ेगी। महिला एकल में भारत की दो उभरती हुई खिलाड़ी तन्वी शर्मा और इशारानी बरुआ पहले दौर में एक-दूसरे का सामना करेंगी। अश्मिता चालिहा चीन की हान कियान शी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी, जबकि उन्नति हुडा का सामना जापान की रिको गुंजी से होगा। देविका सिहाग पहले दौर में इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी का सामना करेगी।

प्रीमियर लीग में गोमेज ने दिलाई डेविड बैकहम की याद

एमबाप्पे के दो गोल से रियाल मैड्रिड की शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

काइलियन एमबाप्पे ने दो गोल करके रियाल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में आसान जीत दिलाई जबकि डिएगो गोमेज ने प्रीमियर लीग में 50 मीटर की दूरी से गोल करके डेविड बैकहम की याद ताजा कर दी।

एमबाप्पे ने एक शानदार गोल किया और पेनल्टी किक को गोल में बदला, जिससे रियाल मैड्रिड ने विनीसियस जूनियर के निलंबन के कारण बाहर होने के बावजूद सेविला को 4-1 से हरा दिया। रियाल मैड्रिड इस जीत से एटलेटिको मैड्रिड और शीर्ष स्थान पर मौजूद बार्सिलोना के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

मैड्रिड ने सेविला को 4-1 से रौंदा ला लिगा में तीसरे स्थान पर पहुंची टीम



गोमेज ने किया बीच मैदान से गोल

इंग्लैंड में प्रीमियर लीग में ब्राइटन की क्रिस्टल पैलेस पर 5-0 की जीत में गोमेज ने मैदान के बीच से शॉट लगाकर गोल किया जबकि आर्सेनल ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को हराया। गोमेज ने सातवें मिनट में 50 मीटर की दूरी से शॉट लगाकर गेंद को क्रिस्टल पैलेस के गोलकीपर वाल्टर बेनिटेज के ऊपर से नेट में पहुंचा दिया। पैराग्वे के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के इस शॉट ने 1996-97 के प्रीमियर लीग सत्र के पहले दिन बैकहम के मैनचेस्टर यूनाइटेड की तरफ से विंबलडन के खिलाफ किए गए इसी तरह के गोल की यादें ताजा कर दीं।

उत्तर रेलवे
ई. निविदा
खुली निविदा संख्या 31–अम्बाला/2026–27 दिनांक 19.10.2026
वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (Rs.)	अग्रिम राशि (Rs.)	कार्य समाप्ति का समय	निविदा खुलने की तिथि
1	सहायक मंडल अभियंता/शिमला के अंतर्गत कालका–शिमला सेक्शन में रेलपथ के दैनिक अनुरक्षण से संबंधित विविध कार्य।	81,77,481	1,63,600	12 महीने	11.11.2026
2	जाखल–हिसार सेक्शन पर सहायक मंडल अभियंता/ट्रैक/अंबाला के अंतर्गत, बरवाला स्थित बैलास्ट डिपो में BG ट्रैक के लिए 50,000 घन मीटर (Cum) 65 mm गेज वाले मशीन से कुचले गए पत्थर के बैलास्ट (गिट्टी) की आपूर्ति, जिसे विधिवत रूप से ढेर (स्टैक) करके रेल वैगनों/BOB वैगनों में लोड किया जाना है।	6,55,74,500	13,11,500	08 महीने	11.11.2026

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट/बैंक गारंटी बांड अनुबंध IV के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई – निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 3648/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

No More जोर
पेट सफा लो
हर रोज...
तो आज ही ले आइए
पेट सफा आयुर्वेदिक
ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स
जिसे सेवन करना है बिल्कुल
आसान, परिणाम हैं पहले
दिन से और इसकी आदत
भी नहीं बनती।
Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative
Granules & Tablets
कब्ज़ • गैस
एसिडिटी
24x7 Helpline: 91197 88888 | www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores
Divisa
20% EXTRA
TABLETS

भारत से व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं अमेरिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के साथ ट्रेड डील पर बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने सोमवार को कहा कि दोनों देश ट्रेड डील को फाइनल करने के करीब पहुंच चुके हैं। रुबियो मंगलवार को मुंबई में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ मुलाकात करेंगे। रुबियो ने भारत दौरे से पहले कहा, हम इस समय भारत के साथ ट्रेड डील को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। हम ऐसा करने के बहुत करीब हैं। रूसी तेल और गैस के मुद्दे पर रुबियो ने कहा कि वैश्विक आपूर्ति और कीमतों पर पड़ने वाले असर को देखते हुए अमेरिका को पिछले कुछ महीनों में कई प्रतिबंधों में छूट देनी पड़ी है।

तेल-गैस और ट्रेड डील पर बोले रुबियो


फाइल फोटो

एस जयशंकर और मार्को रोबियो

- डेयरी क्षेत्र तक पहुंच का मुद्दा अब भी सबसे बड़ी बाधा बना हुआ
- मार्को रुबियो ने भारत के साथ ट्रेड डील को लेकर कहा कि इसे जल्दी ही फाइनल कर लेंगे।

रुबियो ने रूस से तेल-गैस खरीदने के मामले पर कहा, पिछले कुछ महीनों में हमें प्रतिबंधों में छूट देनी पड़ी क्योंकि उनका असर वैश्विक आपूर्ति और कीमतों पर पड़ रहा था। हमें इन सभी कारकों का संतुलन बनाना होता है। हम इस समय भारत के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं और इसके काफी करीब हैं। यही वे पहलू हैं, जिन पर राष्ट्रपति राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी छूट या इसी तरह के फैसले लेते समय विचार करते हैं। भारत और अमेरिका पहले चरण के व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब पहुंच चुके हैं। हालांकि डेयरी क्षेत्र तक पहुंच का मुद्दा अब भी सबसे बड़ी बाधा बना हुआ है। अमेरिका, भारत के डेयरी क्षेत्र में जगह बनाना चाहता है।

जबलपुर में पारले-जी फैक्ट्री में आग
1000 टन बिस्किट का स्टॉक जलकर खाक


करोड़ों के नुकसान का अनुमान छुट्टी के कारण टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

शहर के रिछाई औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार दोपहर पारले-जी बिस्किट फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग दोपहर करीब दो बजे पैकिंग क्षेत्र से शुरू हुई और देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। हादसे में करीब 1000 टन बिस्किट का स्टॉक जलकर नष्ट हो गया। पैकिंग सामग्री और बिस्किट बनाने व पैकिंग में इस्तेमाल होने वाली मशीनों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। करोड़ों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। छुट्टी होने से जानमाल का नुकसान होने से टल गया।

कम समय के नोटिस पर मिशन किया सफल
वायुसेना ने एयरलिफ्ट कर लेह से दिल्ली पहुंचाया गंभीर मरीज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना ने शनिवार देर रात एक गंभीर रूप से बीमार नागरिक को लेह से दिल्ली के पालम एयरपोर्ट तक एयरलिफ्ट किया। 30 साल के इस मरीज को तुरंत इलाज की जरूरत थी। वायु सेना ने कम समय के नोटिस पर सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान की मदद से यह मिशन पूरा किया। दिल्ली पहुंचने के बाद मरीज को आगे के इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया। वायुसेना के मुताबिक, यह अभियान घने अंधेरे और खराब मौसम के बीच चलाया गया।



लेह इलाके में एयरलिफ्ट करना आसान नहीं : लेह जैसे पहाड़ी इलाके से रात में मरीज को एयरलिफ्ट करना आसान नहीं था। घने अंधेरे और खराब मौसम के बावजूद वायु सेना ने मरीज को सुरक्षित दिल्ली पहुंचाया। इस अभियान से पता चलता है कि आपातकालीन स्थिति में आईएएफ किस तरह तेजी से कार्रवाई कर लोगों की मदद करती है। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी मिशन को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी, बेहतर तालमेल और समय पर कार्रवाई की गई।

कारगिल में रात में लैंडिंग कर चुका है यह विमान

जनवरी 2024 में आईएएफ के एक सी-130जे विमान ने कारगिल एयरस्ट्रिप पर रात में लैंडिंग की थी। इसे वायु सेना की बड़ी उपलब्धि माना गया था। इस दौरान विमान को 14,000 से 15,000 फीट ऊंची पहाड़ियों के बीच से गुजरना पड़ा था। वहां लैंडिंग के लिए केवल एक दिशा उपलब्ध थी और दोबारा प्रयास करने यानी गो-अराउंड का विकल्प भी नहीं था।

जम्मू-कश्मीर पर ओआईसी के बयान से भड़का भारत, दिखाया आईना
आईओसी को भारत के आंतरिक मामलों में बोलने का हक नहीं, ये सब पाक प्रायोजित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने बगदाद में हुई ओआईसी के विदेश मंत्रियों की बैठक के प्रस्तावों में भारत विरोधी संदर्भों को खारिज किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के खिलाफ की गई टिप्पणियां दुर्भावनापूर्ण, पक्षपातपूर्ण और झूठी हैं। इन्हें पाकिस्तान ने सुनियोजित तरीके से तैयार कराया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ओआईसी ने एक बार फिर पाकिस्तान को अपने कट्टरपंथी एजेंडे के लिए संगठन का दुरुपयोग करने दिया, जो निराशाजनक है।

विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ओआईसी को भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं।राजनीतिक रूप से प्रेरित दुष्प्रचार इस वास्तविकता को नहीं बदल सकता।

भारत ने ओआईसी की भारत विरोधी टिप्पणियों को खारिज करते हुए पाकिस्तान पर दुष्प्रचार का आरोप लगाया. विदेश मंत्रालय ने कश्मीर, आतंकवाद और संगठन की निष्पक्षता पर सवाल उठाए...

- भारत ने ओआईसी के भारत विरोधी संदर्भ खारिज किए
- विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान पर दुष्प्रचार के आरोप लगाए
- कश्मीर, लद्दाख भारत के अभिन्न अंग


रणधीर जायसवाल

पर्यटन और कनेक्टिविटी के विकास से लोगों को सीधे लाभ मिला

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में आर्थिक विकास हुआ है। बुनियादी ढांचे, पर्यटन और कनेक्टिविटी के विकास से लोगों को सीधे लाभ मिला है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां नागरिक प्रदर्शनकारियों पर हिंसा, दमन और बर्बरता की गई है। इसमें महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मीडिया पर पाबंदियां लगाने के बावजूद मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन को छिपाया नहीं जा सका। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर से जुड़े लंबित मुद्दे पाकिस्तान का अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों से हटना और सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करना है।

भारत के खिलाफ आरोप मनगढ़ंत और शत्रुतापूर्ण

विदेश मंत्रालय ने इस्लामोफोबिया सहित भारत के खिलाफ लगाए गए अन्य आरोपों को मनगढ़ंत और शत्रुतापूर्ण बताया। मंत्रालय के अनुसार, पाकिस्तान अपने यहां अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न, सांप्रदायिक हिंसा, शासन की विफलता और राजनीतिक अस्थिरता से अंतरराष्ट्रीय ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा ह। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार का बार-बार समर्थन करने से ओआईसी की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठते हैं । विदेश मंत्रालय ने उम्मीद जताई कि ओआईसी के सदस्य संगठन में सुधार करेंगे और अधिक जिम्मेदारी से काम करेंगे।

नौसेना एआई से क्वांटम तकनीक तक हर क्षेत्र में विकास कर रही: कोचर



नई दिल्ली। भारतीय नौसेना हवा, समुद्र, पानी के भीतर संचालन से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और क्वांटम तकनीक तक सभी क्षेत्रों में विकास पर जोर दे रही है। इसका उद्देश्य नौसेना को एक बहुआयामी नेटवर्क आधारित सैन्य बल के रूप में तैयार करना है। नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल अजय कोचर ने सोमवार को यह जानकारी दी। कोचर ने कहा कि नौसेना केवल नई तकनीक अपनाने पर ही काम नहीं कर रही, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रही है कि इन तकनीकों से उसकी परिचालन क्षमता मजबूत हो। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और समुद्री हितों की सुरक्षा में नौसेना की भूमिका से जुड़े सवाल पर कोचर ने कहा कि मौजूदा संकटों के कारण नौसेना की सोच और तैनाती, दोनों स्तरों पर गतिविधियां बढ़ी हैं।

दुशांबे में 19-20 को एससीओ की बैठक
सिंधु संधि पर तनातनी के बीच राजनाथ-डार की मुलाकात होगी

एजेंसी ▶▶ दुशांबे

ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में 19-20 अक्टूबर को आयोजित शंघाई सहयोग संगठन की बैठकों के बीच दक्षिण एशिया का कूटनीतिक तापमान अचानक बढ़ गया है। एक तरफ भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं तो दूसरी तरफ पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार भी एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट की बैठक में भाग लेने पहुंचे हैं।

दोनों नेताओं की दुशांबे में मौजूदगी ऐसे वक्त में हो रही है जब सिंधु जल संधि को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच जुबानी जंग और कूटनीतिक तनातनी चरम पर है।


फाइल फोटो

राजनाथ सिंह और मोहम्मद इशाक डार

सिंधु जल संधि पर भारत का आक्रामक रुख

भारत ने पिछले साल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को सस्पेंडकर दिया था। इसके अलावा पिछले कुछ सालों में भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि में संशोधन और समीक्षा को लेकर पाकिस्तान को सख्त लहजे में कई कूटनीतिक नोटिस भी जारी किए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि आतंकवाद और पानी की बात एक साथ नहीं चल सकती।

अमेरिका में 170 फीट ऊंचाई से गिरकर सैनिक की मौत

एजेंसी ▶▶ सैन एंटोनियो

अमेरिका के सैन एंटोनियो में एक सैनिक की 170 फीट की ऊंचाई से गिरने की वजह से मौत हो गई। सैनिक अलामडोम स्टेडियम में एक फुटबॉल मैच से पहले रस्सी से उतरने का लाइव डेमो दे रहा था। इसी दौरान उसका बैलेंस बिगड़ गया और वह तेजी से जमीन पर गिर गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के



दौरान स्टेडियम में 23 हजार से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। सैनिक की पहचान उजागर नहीं हुई है। हादसे के समय दर्शक स्टैंड में बैठे थे और मैदान के पास एक बैंड भी मौजूद था। हादसे के बाद मैदान पर करीब 10 मिनट तक जवान का इलाज किया गया।

10 मिनट की देरी के बाद शुरू हुआ फुटबॉल मैच

हादसे के बाद भी फुटबॉल मैच रद्द नहीं किया गया। एक न्यूज एजेंसी मुताबिक, करीब 10 मिनट की देरी के बाद मैच शुरू हो गया। यह मैच सेना में काम कर चुके और काम कर रहे सैनिकों के सम्मान में रखा गया था।

जिन उपद्रवियों ने आगजनी की उन पर होगा कठोर एक्शन: मैक्रों



नई दिल्ली। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा, तोड़फोड़ और लूटपाट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। राष्ट्र के नाम संबोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं गणराज्य को कमजोर करने की कोशिश हैं और दोषियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों और हिंसा में शामिल लोगों के बीच अंतर करना जरूरी है। फ्रांस के गृह मंत्रालय के अनुसार, करीब 2400 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि हिंसा के दौरान लगभग 1000 पुलिसकर्मी और जवान घायल हुए। कई शहरों में सरकारी इमारतों, दुकानों और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया।

सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ उठाते हैं बीड़ा
दशहरे पर पान खिलाकर मिटाते हैं गिले-शिकवे

अनुरोध पटेरिया ▶▶ जबलपुर

बुंदेलखंड में विजयादशमी का पर्व केवल रावण दहन और असत्य पर सत्य की विजय का उत्सव नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता, आपसी प्रेम और रिश्तों में मिठास घोलने की परंपरा का भी प्रतीक है। यहां दशहरे पर एक-दूसरे को पान खिलाकर शुभकामनाएं देने, पुराने गिले-शिकवे भुलाने और टूटे रिश्तों को फिर से जोड़ने का अनूठा चलन है। इस दिन पान का बीड़ा उठाना अच्छे कार्यों की शुरुआत करने, जिम्मेदारियों का निर्वहन करने और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संकल्प लेने का प्रतीक भी माना जाता है। विजयादशमी पर देशभर में शस्त्र-शास्त्र पूजन, रावण दहन, चल समारोह और मिष्ठान वितरण जैसे आयोजन होते हैं, लेकिन बुंदेलखंड में दशहरा मिलन की परंपरा इसे विशिष्ट बनाती है। रावण दहन के बाद लोग एक-दूसरे से मिलते हैं, राम-राम कहकर अभिवादन करते हैं और पान खिलाकर पर्व की खुशियां साझा करते हैं। इस दौरान पान के साथ सुपारी, लौंग और इलायची भी परोसी जाती है। छोटे-बड़े सभी एक-दूसरे को पान देकर स्नेह, सम्मान और आशीर्वाद व्यक्त करते हैं।

पान का बीड़ा यानी अच्छे काम का संकल्प



बुंदेलखंड में पान केवल खान-पान का हिस्सा नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन की महत्वपूर्ण परंपरा है। यहां पान का बीड़ा उठाने का अर्थ किसी जिम्मेदारी को स्वीकार करना और उसे पूरा करने का संकल्प लेना भी है। दशहरे के अवसर पर इस परंपरा को सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की भावना से भी जोड़कर देखा जाता है।मान्यता है कि दशहरे पर एक-दूसरे को पान खिलाने से पुराने मतभेद दूर होते हैं और रिश्तों में नई शुरुआत होती है। यदि किसी परिवार, मित्र या परिचित के बीच विवाद हो गया हो, तो दशहरा मिलन के दौरान पान खिलाकर संबंधों को सुधारने की पहल की जाती है। इस तरह पान का एक पत्ता आपसी सद्भाव, क्षमा और मेल-मिलाप का संदेश देता है।

पाचन से जोड़कर भी देखते हैं लोग

शहरे पर पान खाने की परंपरा को कुछ लोग मौसम और पाचन से भी जोड़ते हैं। वैद्यकीय मान्यताओं में पान के पत्तों के कुछ औषधीय गुणों का उल्लेख मिलता है, लेकिन पान खाने से होने वाले लाभ उसकी सामग्री और सेवन की मात्रा पर निर्भर करते हैं। कत्थे और चूने के साथ तंबाकू या सुपारी का सेवन स्वास्थ्य के लिए जोखिम भी पैदा कर सकता है।

धार्मिक आस्था से जुड़ा है पान

आचार्य सचिन महाराज के अनुसार, पान को लक्ष्मी पत्र भी कहा जाता है और अनेक धार्मिक अनुष्ठानों में इसका विशेष महत्व है। पूजा में पान का उपयोग शुभता का प्रतीक माना जाता है। बुंदेलखंड में दशहरे पर एक-दूसरे को पान खिलाने की परंपरा इसी सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था से जुड़ी है। पान खिलाकर लोग पुराने विवादों को भुलाने और रिश्तों को नए सिरे से शुरू करने का संदेश देते हैं।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28